सुविचार
किसी चीज को दिल से चाहो तो पूरी कायनात उसे तुमसे मिलाने की कोशिश में लग जाती है

तापमान डिग्री सेल्सियस

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 36.0 |
| न्यूनतम | 22.0 |
| सूर्योदय | 05.27 |
| सूर्यास्त | 06.39 |

वर्ष : 03 अंक : 79 लखनऊ, गुरूवार 02 मई 2024 www.dailyjantaconnection.com EMail:jcnews240@gmail.com पृष्ठ : 4, मूल्य : 1.00 रुपए

हिन्दी दैनिक

# जनता कनेक्शन



# द्रोपदी मुर्मू ने किये रामलला के दर्शन



अयोध्या, राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने बुधवार को अयोध्या में भगवान श्रीराम की जन्मभूमि में दिव्य मंदिर में रामलला का दर्शन पूजन किया।

श्रीमती मुर्मू ने यहां अपने संक्षिप्त दौरे की शुरुआत प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी मंदिर से की जहां उन्होने रामभक्त हनुमान जी का दर्शन पूजन किया और आरती उतारी। बाद में उनका काफिला श्रीरामजन्मभूमि की ओर रवाना हो गया। राष्ट्रपति ने जन्मभूमि पर दिव्य और भव्य बन रहे राम मंदिर में विराजमान रामलला का दर्शन-पूजन किया। इससे पहले महर्षि वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू का स्वागत उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल एवं कैबिनेट मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने किया। इस अवसर पर कई प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे।

# कांग्रेस एक नकली फैक्ट्री

बनासकांठा। अपने गृह राज्य गुजरात में आज कांग्रेस पर जोरदार हमला करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस एक नकली फैक्ट्री है । उन्होंने कांग्रेस पर लोकसभा चुनावों के दौरान लोगों को गुमराह करने के लिए डॉक्टर्ड वीडियो का उपयोग करने का आरोप लगाया।

पीएम मोदी ने एक डीपफेक वीडियो को लेकर उक्त बात कही । गृह मंत्री अमित शाह का एक डीपफेक वीडियो सामने आया था जिसे कथित तौर पर कुछ कांग्रेस नेताओं ने शेयर किया था। इस वीडियो में अमित शाह कथित तौर पर अनुसूचित जाति , अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण को खत्म करने की वकालत कर रहे हैं। बुधवार को सोशल मीडिया पर पीएम मोदी ने दावा किया कि वीडियो, शब्द और वादे, सभी फर्जी हैं। बनासकांठा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, कांग्रेस ने फर्जी वीडियो का बाजार खोल दिया है । वे जानते हैं कि वे जो भी कह रहे हैं वह चुनाव में काम नहीं कर रहा है, इसलिए



वे अब फर्जी वीडियो बना रहे हैं । इसके बारे में सोचें । एक पार्टी जिसने 60 साल तक देश पर शासन किया, जिसके इतने सारे प्रधानमंत्री रहे हैं, वह लोगों से सच नहीं बोल सकती है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर उनके नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान के आह्वान पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा कि, ये मोहब्बत की दुकान लेकर निकले थे, लेकिन इन्होंने मोहब्बत की दुकान में फेक वीडियो का कारोबार खोल दिया है । अब चुनाव में उनकी बातें नहीं चल रही, इसलिए वो फर्जी वीडियो बनाकर फैला रहे हैं । इनकी मोहब्बत की दुकान फेक फैक्ट्री हो चुकी है । उन्होंने कहा कि, उनके वीडियो, शब्द, वादे, नारे और इरादे सभी नकली हैं।

# कोविड-कोविशील्ड :उच्चतम न्यायालय में याचिका, दुष्प्रभावों की जांच की मांग

नई दिल्ली, कोविशील्ड वैक्सीन के कथित दुष्प्रभावों की जांच के लिए उच्चतम न्यायालय के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की देखरेख में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के निदेशक की अध्यक्षता में चिकित्सा विशेषज्ञों की एक कमेटी गठित करने का निर्देश देने की मांग करते हुए शीर्ष अदालत में एक याचिका दायर की गई है।

कोविशील्ड निर्माता की यूनाइटेड किंगडम में टीके के दुष्प्रभावों की स्वीकारोक्ति की रिपोर्ट सामने आने के बाद अधिवक्ता विशाल तिवारी ने यहां यह याचिका दायर की है।

यह याचिका 2021 की लंबित एक जनहित याचिका के मद्देनजर दायर की गई है। उन्होंने अपनी याचिका में दलील देते हुए केंद्र सरकार को उन नागरिकों के लिए टीका क्षति भुगतान करने और उसके लिए



एक टीका क्षति प्रणाली स्थापित करने का निर्देश देने की मांग की है, जो कोविड-19 महामारी के दौरान टीकाकरण अभियान के परिणामस्वरूप गंभीर रूप से विकलांग हो गए या जिनकी मृत्यु हो गई है।

दलील देते हुए आवेदक ने आगे कहा कि सरकार द्वारा सुरक्षा के आश्वासन पर कोविड-19 वैक्सीन अभियान के दौरान बड़ी संख्या में लोगों को कोविशील्ड की वैक्सीन दी गई।याचिका में कहा गया, 卐कोविड-19 के टीके लेने के बाद दिल का दौरा पड़ने और अचानक बेहोश होने से मौत के मामले बढ़े हैं। यहां तक कि युवाओं में भी दिल का दौरा पड़ने के कई मामले सामने आए हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## प्रियंका मुरैना में लेंगी चुनावी सभा

मुरैना, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा मुरैना संसदीय क्षेत्र में गुरुवार को चुनावी सभा को संबोधित करेंगी। कांग्रेस की स्थानीय इकाई के अनुसार श्रीमती वाड्रा दोपहर में यहां पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करेंगी। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश प्रभारी महासचिव जितेंद्र सिंह, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव और वरिष्ठ नेता अजय सिंह भी मौजूद रहेंगे। मुरैना में राज्य के तीसरे चरण में 07 मई को मतदान होगा।

## नहर में चार डूबे, तीन के शव मिले

बहराइच। उत्तर प्रदेश के बहराइच ज़िले के नानपारा कोतवाली क्षेत्र में स्थित नहर में बुधवार को स्नान के दौरान तीन लोगों की डूबने से मौत हो गयी जबकि एक अन्य की तलाश की जा रही है।



पुलिस सूत्रों ने बताया कि कोतवाली नानपारा अंतर्गत गिरधरपुर गांव के निकट नहर स्थित है। नहर में इस समय पानी भरा हुआ है। बुधवार की दोपहर को गर्मी अधिक होने पर गांव निवासी आंचल (12) पुत्री शोभाराम, चोइनी (10) श्रवण, राहुल (13) पुत्र सागर और माही (14) पुत्र सदबरन स्नान करने के गए। सभी स्नान कर रहे थे। स्नान करने के दौरान पैर फिसलने से सभी बच्चे पानी में डूब गए। कुछ देर बाद परिवार के लोगों ने खोजबीन शुरू की तो नहर के निकट कपड़े और चप्पल मिले। जिस पर सभी ने नहर में खोजबीन शुरू की। ग्रामीणों की मदद से नहर से आंचल, चोईनी और राहुल का शव बरामद कर लिया गया जबकि माही का कुछ पता नहीं चल सका है। उसकी खोजबीन की जा रही है। हादसे की जानकारी होने पर एसडीएम अश्विनी पांडेय, सीओ राहुल पांडेय और कोतवाल आरके सिंह, तहसीलदार गांव पहुंचे। सभी ने जांच कर बयान दर्ज किया। कोतवाल ने बताया कि तीन बालकों की डूबकर मौत हुई है। किशोरी की तलाश की जा रही है।

## दबंगों ने किया दरोगा पर जानलेवा हमला

सहारनपुर । उत्तर प्रदेश में सहारनपुर जिले के देवबंद क्षेत्र में बाइक सवार तीन युवकों ने एक पुलिस अधिकारी पर जानलेवा हमला किया। घायल दरोगा को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि देवबंद में धार्मिक मेले में भीड होने के चलते मेला गेट पर तैनात पुलिस उपनिरीक्षक विनोद कुमार ने बीती रात बाइक सवार तीन युवकों को बाइक से उतरकर पैदल अंदर जाने के लिए बोला जिसके बाद उक्त युवकों ने दरोगा पर जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में दरोगा गंभीर रुप से घायल हो गया। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है जबकि एक आरोपी फरार हो गया है। जिसकी पुलिस तलाश कर रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार देवबंद के श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी देवी मेले में ड्यूटी कर रहे एसआई विनोद कुमार बीते मंगलवार की रात्रि मेले के मुख्य गेट पर तैनात थे। इस दौरान तीन लोग बाइक पर सवार होकर मेले में अंदर जाने लगे। एसआई विनोद कुमार ने भारी भीड़ होने का हवाला देते हुए उन्हें पैदल जाने को कहा। इससे गुस्साए तीनों लोग उनके साथ बहस करने लगे। विरोध करने पर तीनों ने धक्का-मुक्की शुरु कर दी। इससे पहले एसआई कुछ समझ पाते उक्त लोगों ने उन पर हमला कर दिया। जिससे उनके सिर में चोट लगने से वह गंभीर रुप से घायल हो गए। इस दौरान वहां अन्य पुलिसकर्मी भी पहुंच गए। जिन्होंने मौके से भाग रहे दो आरोपियों को पकड़ लिया जबकि उनका एक साथी फरार हो गया।

घायल एसआई को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से नाजुक हालत में उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। वरिष्ठ उपनिरीक्षक अजय कुमार का कहना है कि दो हमलावर मौके से पकड़े गए हैं। उनका एक साथी फरार हो गया। जिसकी तलाश की जा रही है। उन्होंने बताया कि एक आरोपी नागल थाना के गांव रणमलपुर का है जबकि दूसरा देवबंद क्षेत्र के गांव कुरलकी का रहने वाला है। पुलिस तीसरे आरोपी की तलाश कर रही है।

## भाजपा नेता मनोज तिवारी ने उत्तर-पूर्वी दिल्ली से नामांकन पत्र दाखिल किया

नयी दिल्ली । राष्ट्रीय राजधानी की उत्तर-पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवार मनोज तिवारी ने आज अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन दाखिल करने से पहले श्री तिवारी ने एक रोड शो किया।

श्री तिवारी के रोड़ शो के दौरान उनके साथ रक्षा मंत्री एवं पार्टी वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह और अन्य भाजपा वरिष्ठ नेता हुए।

रोड शो के दौरान रक्षा मंत्री ने कहा, 卐प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारा भारत नई सोच के साथ आगे बढ़ रहा है। दुनिया देख रही है कि भारत अब पहले जैसा नहीं रहा, अब यह दुनिया का एक शक्तिशाली देश बन गया है।卐 मीडिया से बात करते हुए श्री सिंह ने दावा किया कि भाजपा राष्ट्रीय राजधानी की सभी सात लोकसभा सीटें जीतेगी। श्री तिवारी उत्तर-पूर्वी दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार कन्हैया कुमार के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। राष्ट्रीय राजधानी में सभी सातों सीटों पर एकल चरण में 25 मई को मतदान होगा और चुनाव परिणाम चार जून को आयेंगे।

## कार पलटने से तीन मरे ,सात घायल

पीलीभीत । उत्तर प्रदेश में पीलीभीत जिले के पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र में बरातियों से भरी कार पलटने से उसमें सवार तीन महिलाओं की मृत्यु हो गयी जबकि सात अन्य घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि बीती देर रात पूरनपुर-धनाराघाट मार्ग पर हरीपुर जंगल में राहुलनगर शादी में जा रही बरातियों से भरी इनोवा सामने से आ रहे स्कूटी सवार को बचाने में कई पलटे खाकर कार पेड़ से जा टकराई।

# यह कांग्रेस के समय का भारत नही : योगी



सोलापुर । आज कोई दुश्मन देश भारत की सीमा में अतिक्रमण नहीं कर सकता। नक्सलवाद, आतंकवाद समाप्त हो गया। अब पटाखा फूटने पर पाकिस्तान सफाई देता है कि मेरा हाथ नहीं है, क्योंकि उसे पता है कि नया भारत किसी को छेड़ता नहीं, लेकिन छेड़ने वाले को छोड़ता भी नहीं। यह कांग्रेस के समय का भारत नहीं है कि कोई थप्पड़ मारता था तो कहते थे कि रुक जाओ, कहीं माहौल खराब न हो जाए। अब कोई थप्पड़ मारेगा तो नया भारत जोरदार घूसे से उसका जबड़ा तोड़ने की ताकत रखता है। यह बात प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। उन्होंने बुधवार को सोलापुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी श्रीराम सतपुते के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया। सीएम योगी बुधवार को दूसरी बार महाराष्ट्र के चुनावी रण में उतरे। सीएम ने कहा कि हिंदुओं को अपमानित करने के लिए इन लोगों ने क्या कुछ नहीं किया। यह वही कांग्रेस है, जिसने राम के अस्तित्व पर प्रश्न खड़ा किया था और हिंदुओं को अपमानित करने के लिए यूपीए सरकार में हिंदू आतंकवाद का शब्द भी दिया था।

## यूपी में हम हैं, मच्छर भी नहीं मरने वाला

सीएम ने कहा कि अयोध्या में श्रीराम मंदिर कांग्रेस के लोग नहीं बना पाते। वे कहते थे कि राम हुए ही नहीं। जब राम मंदिर का फैसला हो रहा था तो कहते थे कि खून की नदियां बहेंगी। मैंने कहा कि यूपी में हम हैं, मच्छर भी नहीं मरने वाला। यूपी में सात वर्ष में दंगा-कर्फ्यू तक नहीं लगा। यूपी में राम मंदिर बना है तो माफिया का राम नाम सत्य भी हो रहा है। सीएम ने कहा कि दस वर्ष तक बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के संविधान की पूजा, महात्मा फूले के सामाजिक न्याय को अंगीकार, सावित्री बाई फूले के महिला सशक्तिकरण के अभियान और बाला साहब ठाकरे के हिंदुत्व की प्रचंड ज्वाला को बढ़ाते हुए पीएम मोदी ने जो शंखनाद किया है।

# राहुल, प्रियंका रायबरेली और अमेठी से लड़ सकते हैं चुनाव

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने कहा है कि अमेठी और रायबरेली संसदीय क्षेत्र के लिए उम्मीदवारों के नाम अगले 24 से 30 घंटे के भीतर तय कर दिए जाएंगे। इस बीच कांग्रेस की वरिष्ठ नेता श्रीमती सोनिया गांधी ने राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा से कहा है कि वे रायबरेली और अमेठी से चुनाव लड़ें। सोनिया ने तर्क दिया कि अगर राहुल और प्रियंका ने चुनाव नहीं लड़ा तो यह भाजपा को वाकओवर देना रहेगा। सोनिया गांधी ने खराब स्वास्थ्य के चलते रायबरेली सीट पहले छोड़ दी थी। वे राजस्थान से राज्यसभा सदस्य निर्वाचित हो चुकी हैं।

इससे पूर्व कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन के दौरान सवालों के जवाब में कहा कि



उम्मीदवार तय करने में देरी नहीं हुई और अगले 30 घंटे में दोनों सीटों के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर देंगे। उन्होंने कहा कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति ने कांग्रेस अध्यक्ष को अधिकृत किया है कि वह जल्द से जल्द रायबरेली तथा अमेठी के लिए उम्मीदवारों का चयन कर दें और मुझे लगता है 24 घंटे के अंदर कांग्रेस अध्यक्ष अमेठी और रायबरेली के लिए उम्मीदवारों की चयन की घोषणा कर देंगे।

## रुपाली गांगुली और अमीय जोशी भाजपा में शामिल

नयी दिल्ली। घर - घर में अनुपमा के नाम से लोकप्रिय एवं सुप्रसिद्ध टीवी कलाकार रुपाली गांगुली और ज्योतिषी अमीय जोशी ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने के पश्चात श्रीमती रुपाली गांगुली और अमीय जोशी ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा से मुलाकात कर उनका मार्गदर्शन लिया। भाजपा के केंद्रीय कार्यालय में श्रीमती रुपाली गांगुली और श्री अमीय जोशी को भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े, राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख अनिल बलूनी और राष्ट्रीय मीडिया सह-प्रमुख डॉ. संजय मयूख ने पार्टी में विधिवत शामिल किया।

तावड़े ने दोनों विभूतियों का भाजपा परिवार में स्वागत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनकल्याणकारी नीतियों और विकास कार्यों से प्रभावित होकर आज श्रीमती रुपाली गांगुली और श्री अमीय जोशी ने भाजपा में शामिल होने का निर्णय लिया है।

# कर्नाटक में यौन शोषण मामले में मोदी की चुप्पी खतरनाक : राहुल

नयी दिल्ली । कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए बुधवार को कहा कि कर्नाटक में महिलाओं के साथ वीभत्स यौन अत्याचार हो रहे हैं लेकिन श्री मोदी ने इस मामले में चुप्पी साधी हैं जो खतरनाक है।



उन्होंने कहा कि देशभर में महिलाओं के साथ अत्याचार हो रहे हैं लेकिन श्री मोदी हमेशा की तरह इन घटनाओं को लेकर खामोश हैं। कमाल तो यह है कि कर्नाटक में सब कुछ जानते हुए भी उन्होंने यौन शोषण के आरोपी के लिए उन्होंने जनता से वोट मांगे। श्री गांधी ने कहा ,卐कर्नाटक में महिलाओं के साथ हुए वीभत्स अपराध पर भी नरेंद्र मोदी ने हमेशा की तरह शर्मनाक चुप्पी साध ली है। प्रधानमंत्री को जवाब देना होगा-सब कुछ जान कर भी सिर्फ वोटों के लिए उन्होंने सैकड़ों बेटियों का शोषण करने वाले हैवान का प्रचार क्यों किया। आखिर इतना बड़ा अपराधी बड़ी सहूलियत के साथ देश से फरार कैसे हो गया। उन्होंने कहा,卐कैसरगंज से कर्नाटक और उन्नाव से उत्तराखण्ड तक, बेटियों के गुनहगारों को प्रधानमंत्री का मूक समर्थन देश भर में अपराधियों के हौसले बुलंद कर रहा है। क्या मोदी के 'राजनीतिक परिवार' का हिस्सा होना अपराधियों के लिए 'सुरक्षा की गारंटी' है?

# भारत में भीषण गर्मी का अनुमान

नयी दिल्ली । मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बुधवार को पूर्वानुमान जताया कि अगले दो दिन तक पूर्वी भारत और दक्षिण प्रायद्वीपीय में भीषण लू की स्थिति बनी रहेगी और उसके बाद मौसम में धीरे-धीरे सुधार होगा।

आईएमडी के अनुसार, 卐आज गांगेय पश्चिम बंगाल के कई स्थानों, ओडिशा, बिहार के कुछ हिस्सों में और कल उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल, झारखंड के अलग-अलग इलाकों में भीषण लू की स्थिति बने रहने का अनुमान है। इसके बाद अगले तीन दिन के दौरान क्षेत्र के अलग-अलग इलाकों में लू की स्थिति में सुधार हो सकता है।

आईएमडी ने बताया कि अगले तीन दिन के दौरान रायलसीमा के अलग-अलग इलाकों में लू को लेकर स्थिति गंभीर बन सकती है और उसके बाद भी दो दिन तक लू की स्थिति यथावत बनी रहने का अनुमान जताया गया है।

मौसम विभाग ने कहा, 卐तेलंगाना,




आंतरिक कर्नाटक, तटीय आंध्र प्रदेश, यानम, तमिलनाडु, कोंकण, मध्य महाराष्ट्र, गुजरात और मराठवाड़ा में भी पांच मई तक लू चलने के आसार हैं।卐 गांगेय पश्चिम बंगाल, पूर्वी झारखंड, उत्तरी ओडिशा और रायलसीमा में अधिकतम तापमान तीन मई तक 44-47 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने और उसके बाद कम होने की उम्मीद जतायी गयी है।

आईएमडी के मुताबिक ओडिशा और गांगेय पश्चिम बंगाल में आज और कल, छत्तीसगढ़ में एक से तीन मई, मध्य महाराष्ट्र और मराठवाड़ा में तीन-पांच मई के दौरान रात में मौसम गर्म रहने का अनुमान जताया गया है। विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक पूर्वोत्तर भारत में कल तक तूफान और तेज़ हवाओं के साथ भारी बारिश जारी रहेगी।

## बम की धमकी से दिल्ली-एनसीआर के स्कूलों में हड़कंप

नयी दिल्ली। दिल्ली के साथ नोएडा और गाजियाबाद के कई स्कूलों में बुधवार को आतंकवादी हमले की धमकी वाली एक ईमेल मिलने के बाद लोगों में डर का माहौल बन गया, लेकिन बाद में पुलिस और सरकार ने इसे अफवाह करार दिया एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि कई स्कूलों को बम की धमकी वाले ईमेल मिले हैं। धमकी की सूचना मिलते ही पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सभी स्कूलों को खाली करा लिया। सभी स्कूलों की जाँच की गई है। उन्होंने कहा कि सभी स्कूल बंद कर दिए गए और छात्रों को घर वापस भेज दिया गया। बम निरोधक दस्तों के साथ साथ दमकल की गाड़ियों को स्कूलों भेजकर गहन तलाशी अभियान चलाया गया, लेकिन कोई विस्फोटक या किसी अन्य प्रकार की हानिकारक वस्तु नहीं मिली। नयी दिल्ली ज़िले के पुलिस उपायुक्त देवेश कुमार महला ने कहा, 卐हमने जिले के सभी स्कूलों की जांच की है और कुछ भी नहीं मिला है, घबराने की कोई जरूरत नहीं है।

## डीएम राजस्व का काम देंखे, खुद को गर्वनर न समझें

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि डीएम जिले में राजस्व के मुखिया हैं राजस्व का काम देखें, खुद को गर्वनर न समझें। कोर्ट ने कहा कि जिले में शिक्षा विभाग का मुखिया जिला विद्यालय निरीक्षक होता है। वह विभाग के उच्चाधिकारियों और शिक्षा मंत्री के प्रति जवाबदेह है, डीएम के प्रति नहीं। यह सख्त टिप्पणी न्यायमूर्ति जेजे मुनीर ने प्रमोद कुमार मिश्रा की ओर से प्रतापगढ़ के मुनीश्वरदत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय में तृतीय श्रेणी कर्मचारियों की शुरू हुई चयन प्रक्रिया को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान की। कोर्ट ने डीएम प्रतापगढ़ से 24 घंटे में व्यक्तिगत हलफनामा तलब किया है। मामला प्रतापगढ़ स्थित मुनीश्वरदत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय में तृतीय श्रेणी कर्मचारियों की चयन प्रक्रिया का है। याची के अधिवक्ता सुरेश कुमार मौर्य ने बताया कि विद्यालय एडेड महाविद्यालय है। प्रबंधन ने तृतीय श्रेणी कर्मचारियों की भर्ती गुमनाम समाचार पत्रों में प्रकाशित कर शुरू कर दी गई।

# पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू

नयी दिल्ली । अगले वर्ष गणतंत्र दिवस पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्?कारों के लिए ऑनलाइन नामांकन तथा सिफारिश करने की प्रक्रिया बुधवार से शुरू हो गई और नामांकन 15 सितंबर तक किये जा सकते हैं।

गृह मंत्रालय ने आज एक विज्ञप्ति जारी कर कहा कि इन पुरस्?कारों के लिए नामांकन तथा सिफारिशें मंत्रालय की वेबसाइट पर राष्?ट्रीय पुरस्?कार पोर्टल पर ऑनलाइन की जा सकती हैं।

पद्म पुरस्?कारों में देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री शामिल हैं। ये पुरस्कार वर्ष 1954 में शुरू किये गये थे और इनकी घोषणा हर वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाती है। ये पुरस्?कार कला, साहित्य एवं शिक्षा, खेल, चिकित्सा, समाज सेवा, विज्ञान एवं इंजीनियरी, लोक कार्य, सिविल सेवा, व्यापार एवं उद्योग आदि जैसे क्षेत्रों में विशिष्?ट और असाधारण उपलब्धियों के लिए प्रदान किए जाते हैं। जाति, व्यवसाय, पद या लिंग के भेदभाव के बिना सभी व्यक्ति इन पुरस्कारों के लिए पात्र हैं। चिकित्?सकों और वैज्ञानिकों को छोड़कर अन्?य लोकसेवक, जिनमें सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में काम करने वाले सरकारी सेवक भी शामिल है, पद्म पुरस्?कारों के पात्र नहीं हैं।

मंत्रालय ने सभी नागरिकों से आग्रह किया है कि वे पुरस्कारों के लिए पात्र व्यक्तियों का नामांकन या सिफारिशें करें। नागरिक स्?वयं को भी नामित कर सकते हैं। महिलाओं, समाज के कमजोर वर्गों, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों, दिव्यांग व्यक्तियों और समाज के लिए निस्वार्थ सेवा कर रहे लोगों में से ऐसे प्रतिभाशाली व्यक्तियों की पहचान करने के ठोस प्रयास किए जा सकते हैं, जिनकी उत्कृष्टता और उपलब्धियां वास्तव में पहचाने जाने योग्य हैं।

आवश्यकता
joining Free
लखनऊ से प्रकाशित....
जनता कनेक्शन
पाक्षिक व दैनिक समाचार पत्र की न्यूज वेबसाइट
के लिए सभी जनपदों में जनपद,तहसील एवं थाना स्तर पर प्रतिनिधियों की आवश्यकता है।
इच्छुक लोग (महिला/पुरुष) अपना सीवी नीचे दी गई मेल या व्हाट्सएप पर भेज सकते है ।
ब्यूरो चीफ
कमलेश वर्मा
सम्पादक
ऋचा सक्सेना
E-mail: jcnews240@gmail.com contact's:0522-3192214,9454606652,9935496838
www.dailyjantaconnection.com



# सम्पादकीय

## वोट डालते चलो ! बस वोट डालते चलो !!

लोकतंत्र की सेहत के लिए जरूरी है कि मतदाता जागरूक हो । जागरूक मतदाता ही लोकतांत्र को हर संकट से बचाता है। सत्ता वोटर को नचाती है और वोटर सत्ता को। वोटर ने अतीत में नायकों,खलनायकों और तो बड़े -बड़े अधिनायकों को कत्थक कराया है। 2024 के आम चुनाव में भी भारतीय मतदाता जिस तर्ज पर मतदान कर रहा है उसे देखकर पता नहीं क्यों सत्तारूढ़ दल की नींद उड़ी हुई है। मतदान के पहले दो चरणों ने तो सत्तारूढदल को बहुत निराश किया है।

मुझे यद् है की 1965 में एक फिल्म आई थी %हम सब उस्ताद है % इस फिल्म के लिए हमारे उस्ताद असद भोपाली ने एक गीत लिखा था -% हो प्यार बांटते चलो

प्यार बांटते चलो<br>
हे प्यार बांटते चलो<br>
प्यार बांटते चलो<br>
क्या हिन्दू क्या मुसलमान<br>
हम सब हैं भाई भाई %

आज मुझे लगता है कि असद भाई होते तो इस गीत को दोबारा लिखते और कहते

-% वोट डालते चलो<br>
वोट डालते चलो<br>
हे वोट डालते चलो<br>
वोट डालते चलो<br>
क्या हिन्दू,क्या मुसलमान<br>
हम सब हैं भाई -भाई %

दरअसल भारत का वोटर भारतीय होने के नाते वोट डालता है। लेकिन पहली बार हमारे पंत प्रधान ने वोटरों को हिन्दू -मुसलमान में विभक्त कर दिया। वोटरों में भक्तों अंधभक्तों की जमात अलग है । पंत प्रधान ने वोटरों को डराया,मुसलमानों का भय दिखाया ,कहा वे सत्ता में आये तो मंगलसूत्र लूट लेंगे। आपकी विरासत उन मुसलमानों में बाँट देंगे जो ज्यादा बच्चे पैदा करते हैं। वोटर पंत प्रधान के इस आव्हान से भ्रमित हो गए और इसका असर पहले और दूसरे चरण के मतदान पर साफ़ दिखाई दे रहा है। अपेक्षित मतदान न होने से मोशा जोड़ी की नींद उड़ गयी है। मोशा जोड़ी चाहती थी कि भारत में भी रूस की तर्ज पर कम से कम 87 फीसदी मतदान तो होता ताकि मोदी जी को पुतिन जैसा जन समर्थन मिलने का डंका बजाया जा सकता।

# मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए किसी भी सीमा तक जाएंगे राजनैतिक दल

**मृत्युंजय दीक्षित**

लोकसभा चुनावों के मतदान के दो चरण समाप्त हो जाने के बाद सभी राजनैतिक दलों को जनता के मध्य अपनी स्थिति की वास्तविकता का कुछ सीमा तक पता चल गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार सत्ता में आने की सम्भावना वाली भारतीय जनता पार्टी को रोकने के लिए विपक्ष ने एक बार फिर मुस्लिम तुष्टीकरण का विकृत खेल खेलना प्रारम्भ कर दिया है। तथाकथित इंडी गठबंधन में शामिल दलों के नेता लगातार भड़काऊ और नफरत भरी बयानबाजी कर रहे हैं जिसमें अब वोट जिहाद और तालिबान भी आ गया है। दिल्ली के मंडी हाउस इलाके में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के साथ आतंकी फंडिंग मामले में सजा काट रहे यासिन मलिक का फोटो लगाया गया है। पोस्टर में यासिन मलिक की रिहाई के साथ कांग्रेस को वोट देने की अपील की गई है। हालांकि जानकारी मिलते ही दिल्ली पुलिस ने यह पोस्टर हटा दिया है। आतंकी यासीन मलिक कुख्यात अलगववादी है जिससे 2006 में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने मुलाकात की थी। अब मलिक आजीवन कारावास की सजा काट रहा है और अभी उस पर कई और मुकदमे चल रहे हैं। कांग्रेस केरल में प्रतिबंधित पीएफआई जैसे संगठनों का सहयोग ले रही रही है और सनातन विरोधी बयानों पर चुप्पी साधे हुए है। मुस्लिम तुष्टीकरण का यह खुला खेल कांग्रेस ही नहीं अपितु भारत की सभी वामपंथी और अधिकांश क्षेत्रीय पार्टियाँ जमकर खेल रही हैं फिर चाहे वो उत्तर प्रदेश हो बिहार हो या पश्चिम बंगाल। विगत 10 वर्षों और अटल जी के कार्यकाल को छोड़ दें तो केंद्र तथा राज्यों में कांग्रेस व उसके गर्भ से निकले दलों व नेताओं ने ही सत्ता पर एकछत्र राज किया। ये सभी धर्मनिरपेक्षता के नाम पर भाजपा को हराने की बात करने वालों तथा कट्टरपंथियों का समर्थन कर मतदान को मजहब के आधार पर प्रभावित किया करते थे। भाजपा द्वारा धर्मनिरपेक्षता की सच्ची रेखा खींचने के बाद इन दलों के नेताओं के सामने अपना राजनैतिक अस्तित्व बचाने का संकट खड़ा हो गया है और ये वोट जिहाद की अपील कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश में अभी तक सपा, बसपा, कांग्रेस सहित विभिन्न दल अतीक अहमद, मुख्तार अंसारी जैसे माफियाओ को अपने राजनैतिक लाभ के लिए पाला पोसा करते थे अब उनके लिए फातिहा पढ़ रहे हैं और धूर्तता के साथ उन्हें गरीबों का मसीहा बताकर मुसलमानों का वोट मांग रहे हैं । पहले ये माफिया बूथ लूटकर व मतदान के समय बम, गोलियां दागकर वोट जिहाद किया करते थे अब उनके नेता व गुर्गे इनको शहीद बताकर मुस्लिम समाज को भड़का रहे हैं। उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद में कायमगंज के अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्र में इंडी गठबंधन के प्रत्याशी के समर्थन में पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद की भतीजी सपा नेता मारिया आलम खां ने वोट जिहाद का नारा देकर समाजवादियों की मुश्किल



बढ़ा दी है। मारिया आलम खां ने कहा कि हर महिला और हर पुरुष वोट जिहाद करके संविधान बचाने की इस जंग को लड़ेगा। प्रदेश में वोट जिहाद शब्द को लेकर राजनैतिक बयानबाजी अब काफी तल्ख़ हो गयी है। सपा कांग्रेस गठबंधन हो जाने के कारण इस बार सलमान खुर्शीद का परिवार चुनावी मैदान से भले ही दूर हो गया हो किंतु अपने सहयोगी दलों के उम्मीदवारों के लिए चुनाव प्रचार कर रहा है। सलमान खुर्शीद का परिवार कई बार विवादों के घेरे में रहा है। खुर्शीद की पत्नी लुईस खुर्शीद पर दिव्यांगों की सहायता करने के नाम पर घोटाला करने का मुकदमा चल रहा है।सलमान खुर्शीद बाटला हाउस एनकाउंटर व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर भी विवादित बयानबाजी कर चुके हैं।जब लुईस खुर्शीद को इस बात का आभास हो गया था कि इस बार उनके परिवार को टिकट नहीं मिलने जा रहा तब उन्होंने मीडिया के सामने अपने कार्यकर्ता से कहा था कि अगर कांग्रेस का कोई पदाधिकारी उनसे मिलने आए तो उसे चप्पल से मारें। अब उसी परिवार की भतीजी मारिया एक बार फिर वोट जिहाद की अपील कर रही हैं। इसी प्रकार उत्तर प्रदेश के संभल से पूर्व सांसद डॉ शफीकुर्रहमान वर्क के पोते एवं सपा प्रत्याशी जियाउर्रहमान वर्क अपनी नुक्कड़ सभा के वायरल वीडियो में मुख्तार अंसारी, अतीक अहमद और शहाबुद्दीन की मौत को कुर्बानी बता रहा है। वीडियो वायरल हो जाने के बाद वर्क पर मुकदमा दर्ज हो गया है।उसके बाद भी वह नहीं रुका और उसने चुनाव आयोग के अधिकारियों को धमकी देते हुए बयान दिया कि जब वक्त बदलेगा तब बदला लिया जायेगा। बहुजन समाजवादी पार्टी अपनी नैया पार लगाने व जनता के मध्य अपनी उपस्थिति को दर्ज कराने के लिए चुनावी मैदान में अपने युवा कोआर्डिनेटर, पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के भतीजे आकाश आनंद के नेतृत्व में रण मे उतरी है और कुछ- कुछ बदली बदली सी नजर आ रही है। पार्टी ने 2022 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों में अपनी जमीन को फिर से प्राप्त करने के लिए, सवर्णो को खुश करने के लिए रामनाम का विरोध नहीं किया था किंतु वह अब काफी पीछे छूट चुका है। बसपा ने इस बार नया नारा दिया है, बहुजन हिताय बहुजन सुखाय का किंतु पार्टी का एक मुश्त मुस्लिम मतों का लालच छूटा नहीं है इसलिए बसपा ने सबसे अधिक मुसलमानों को अपना उम्मीदवार बनाया है। बसपा के युवा नेता आकाश आनंद मुस्लिम तुष्टीकरण के लिए आक्रामक बयानबाजी कर रहे हैं जिसके कारण उनके खिलाफ सीतापुर जिले में केस भी दर्ज हो गया है। सीतापुर की एक जनसभा में आकाश ने अपनी सभी सीमाओं को लांघते हुए उत्तर प्रदेश सरकार की तुलना तालिबान से कर डाली। अतीक, मुख्तार अंसारी व शहाबुद्दीन जैसे माफियाओं का राजनैतिक लाभ के लिए उपयोग बसपा ने भी समय -समय पर किया है। यह साबित हो जाने के बाद भी कि कुख्यात माफिया मुख्तार अंसारी की मौत प्राकृतिक कारणों से हुई है इन सभी दलों के नेताओं ने न केवल फातिहा पढ़ना जारी रखा है बल्कि उसकी मौत के नाम पर मुस्लिम तुष्टीकरण के भी सभी हथकंडे अपना रहे हैं। सपा, बसपा, कांग्रेस सहित इंडी गठबंधन में शामिल दलों के लोग जिस प्रकार भाषणबाजी कर रहे हैं उससे इनकी घबराहट साफ़ है। मुस्लिम तुष्टीकरण के दम पर सरकार बनाने और चलाने वालों को एक ही आस है कि मोदी सरकार से बिजली, पानी, गैस, शौचालय, घर, दवाई, राशन सब कुछ लेने के बाद भी मुसलमान वोट मजहब के नाम पर ही करेगा ।

# संयुक्त राष्ट्र संघ की भूमिका

रूस यूक्रेन और मध्यपूर्व के संघर्ष दुनिया के सामने चुनौती है। संयुक्त राष्ट्र संघ और सुरक्षा परिषद इसका समाधान करने में विफल है। ऐसे में दो बाते स्पष्ट है। एक यह कि सुरक्षा परिषद का वर्तमान स्वरूप पूरी तरह अप्रासंगिक हो चुका है। इसमें तत्काल सुधार और विस्तार की आवश्यकता है। दूसरा यह कि विश्व शांति के लिए भारतीय विचार पर अमल की अवश्यकता है। जिसमें वसुधा को कुटुंब कहा गया। इस प्रकार का भाव जागृत होने पर संघर्ष की स्थिति समाप्त हो जाती है। यूक्रेन रूस और मध्यपूर्व का संघर्ष पूर्वाग्रह और संकुचित विचार से प्रेरित है। यहां स्थाई शांति के लिए सभी पक्षों को उदारता और संयम से कार्य करना होगा। दो वर्षों तक दुनिया कोरोना आपदा से ग्रसित रही। आर्थिक मंदी का दौर रहा। इससे संभलने का मौका मिला तो रूस यूक्रेन युद्ध शुरू हो गया। इसका समाधान हुआ नहीं। अब मध्यपूर्व युद्ध की चपेट में आ गया। यहां सात महीने पूर्व तक शांति थी। लेकिन हमास के आतंकवादियों ने इसराइल पर हमला किया। यह जगजाहिर है कि इसराइल आतंकी हमलों का माकूल जबाब देता है। हिसाब बराबर किए बिना वह चैन से नहीं बैठता है। इस संघर्ष में अब ईरान भी आ गया है। इसराइल को लगता है कि ईरान ही हमास की सहायता कर रहा है। रूस यूक्रेन और मध्यपूर्व युद्ध के समाधान में वैश्विक संस्थाएं विफल है। संयुक्त राष्ट्र संघ युद्ध के समक्ष लाचार दिखाई दे रहा है। सुरक्षा परिषद के स्थाई सदस्य तो परोक्ष अपरोक्ष रुप से युद्ध में सहभागी है। रूस सुरक्षा परिषद का स्थाई सदस्य है। अमेरिका ब्रिटेन आदि यूक्रेन और इसराइल के साथ है। ऐसे में दुनिया को युद्ध से मुक्ति केवल भारतीय चिंतन से संभव है। भारत के वसुधैव कुटुंबकम् विचार पर ही अमल करना होगा। भारत ने इसे जी ट्वेंटी का ध्येय वाक्य बनाया था। मध्यपूर्व का तनाव वैमनस्य पर ही आधारित है। हमास हमले का बाद से इस बार हिंसा शुरु हुई। इसमें हजारों लोग मारे गए है। गाजा में हमास के खिलाफ छह माह से इजराइल के युद्ध चल रहा है। हमास की तरफ से बंधक बनाए लोगों की रिहाई का प्रयास जारी है। इजराइल और हमास ने छह माह से जारी संघर्ष में संभावित युद्धविराम पर ताजा बातचीत के लिए मिस्र में टीम भेजी है। इजराइल साल की शुरुआत से ही गाजा में सैनिकों की संख्या कम कर रहा है। हमास युद्ध को ख़त्म करने और इज़राइली सेना की वापसी के लिए समझौता चाहता है। इज़राइल ने कहा कि किसी भी युद्धविराम के बाद, वह हमास को उखाड़ फेंकेगा जिसने उसके विनाश की शपथ ली है। इज़राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि बंधकों की रिहाई के बिना कोई समझौता नहीं होगा। हमास समर्थक ईरान के हमले के बाद इजराइल भी जबाब दे रहा है। इजराइल ने लेबनान और गाजा



में हवाई हमले कर जबाब दिया है। कर हमास के तमाम लड़ाकों को मौत की नींद सुला दिया। आतंकवादियों के बुनियादी ढांचे और सैन्य परिसरों सहित हिजबुल्लाह के आतंकी ठिकानों पर हमला किया। इजराइल का आरोप है कि हमास आतंकियों को ईरान आर्थिक व सामरिक सहायता दे रहा है। ईरान ने इजराइल पर मिसाइल और ड्रोन से हमले किए। अमेरिका और पश्चिमी देशों ने इसकी निंदा की है। भारतने दोनों देशों से संयम बरतने की अपील की है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् की बैठक से पूर्व ईरान की तरफ से अमेरिका को इस संघर्ष से दूर रहने की चेतावनी दी गई। ईरान के स्थाई मिशन ने कहा कि यूएन चार्टर के अनुच्छेद फिफ्टी वन के आधार पर दमिश्क में ईरानी दूतावास पर हुए हमले के जवाब में सैन्य कार्रवाई की गई थी। सीरिया में वाणिज्य दूतावास पर हमले के बाद ईरान ने बदला लेने की बात कही थी। ईरान ने हमले के लिए इजराइल को जिम्मेदार ठहराया था। इजराइल पर हमास के हमले के बाद से शुरू हुए युद्ध के बीच इजराइल पर हिजबुल्लाह ने बड़ा हमला किया। कुवैत और कतर ने संयुक्त राज्य अमेरिका को चेतावनी दी है कि ईरान पर हमला करने के लिए वह अपने क्षेत्र पर सैन्य अड्डों के उपयोग की अनुमति नहीं देंगे. अमेरिका का खाड़ी देश में बहुत बड़ा सैन्य बेस है जहां चालीस हज़ार हजार सैनिक तैनात हैं। ईरान और इजराइल के बीच तनाव का यह मसला संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भी उठ चुका है। इजराइल ने मांग की थी ईरान की सेना को आतंकी संगठन घोषित किया जाए। इस पर ईरान ने अमेरिका से कहा था कि वह हम दोनों के बीच में न आए। संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने दोनों देशों से अपील की थी कि वे शांति और संयम से काम लें। पश्चिम एशिया एक और युद्ध झेलने की स्थिति में नहीं है। ईरान के कई परमाणु ठिकाने इसाफान प्रांत में ही स्थित हैं। इनमें ईरान का यूरेनियम संवर्धन का प्रमुख केंद्र भी है। व्स्तुत: सभ्यताओं के संघर्ष का विस्तृत इतिहास है। आधुनिक समय में भी उसके तत्व विद्यमान है। आतंकी गतिविधियों ने अमेरिका से लेकर यूरोप तक वर्ग विशेष को बेगाना बना दिया है। यहां सर्वधर्म सद्भाव की कोई अवधारणा नहीं है। जबकि समाधान इसी से संभव है। खासतौर पर येरुसलम में यह विचार कसौटी है। यहां स्थायी शांति का अन्य कोई माध्यम नहीं है। येरुशलम मजहबी रूप से बेहद संवेदनशील क्षेत्र है। यहां से यहूदी, ईसाई व मुसलमानों की आस्था जुड़ी है। इनमें से किसी को भी नजरअंदाज करना संभव नहीं है। इस सम्बंध में कोई भी समाधान शांति व सौहार्द से ही संभव है। यहां सदैव संघर्ष से स्थिति बिगड़ती रही है। इसबार भी यही हुआ। फिलिस्तीनियों ने यथास्थिति का उल्लंघन किया। इस्राइल का सुरक्षाबल इस प्रकार की गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं करता। यहीं से संघर्ष प्रारंभ हुआ। बताया गया कि हमास ने इजरायल पर करीब एक हजार रॉकेट दागे हैं। सेंट्रल और दक्षिणी इजरायल में लगातार रॉकेट गए। हमास ने तेल अवीव, एश्केलोन और होलोन शहर पर रॉकेट गए। दुश्मनों के प्रति इस्राइल की नीति स्पष्ट है। वह छेड़ने वाले को छोड़ता नहीं है। फिलिस्तीनी आतंकी संगठन हमास इस बात से अनजान नहीं है। फिर भी वह समय-समय पर इस्राइल को आजमाता है और प्रत्येक बार उसे भारी नुकसान का सामना करना पड़ता है। इसबार भी ऐसा हुआ। हमास द्वारा दागे गए रॉकेट इजराइल के मिसाइल डिफेंस सिस्टम आयरन डोम से नष्ट कर दिए गए। इस्राइल सजग ना रहता, तो हमास के हमले से यहूदी बस्तियों में बड़ी तबाही होती। इस्राइल ने अपनी चिर परिचित शैली में जवाब दिया। वह तेज हवाई हमले करने के साथ ही जमीनी लड़ाई की भी तैयारी कर रहा है। सीमा पर हथियारबंद टुकड़ियों के साथ रिजर्व सैनिकों को तैनात किया गया है। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि हमास को इसबार बहुत भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। इस्राइल ने फिलिस्तीनी हमास के युद्धविराम प्रस्ताव को भी ठुकरा दिया। इजरायल के निशाने पर मुख्य रूप से हमास का टनल था। इसके अलावा हमास के भूमिगत इंफ्रास्ट्रक्चर को भारी नुकसान हुआ है। 1988 में यासिर अराफात ने मध्यपूर्व में इस्राइल के अस्तित्व को मान्यता देते हुए स्वतन्त्र फिलिस्तीन निर्माण की नीति घोषित की थी। इसके बाद ही समाधान की संभावना दिखाई दी थी।

किंतु इस नीति के विरोध में हमास की गतिविधियां बढ़ने लगी थी। इससे इस्राइल को शांति प्रक्रिया रोककर जवाबी कार्यवाई का मौका मिला। इसके लिए उस समय भी हमास ही जिम्मेदार था। मध्यपूर्व में यहूदी राष्ट्र के अस्तित्व को नकारा नहीं जा सकता। अल अक्शा मस्जिद से मुसलमानों की आस्था जुड़ी है। यहूदियों की आस्था यहां के टेंपल माउंट से जुड़ी है। दावा है कि यहां उनके दो प्राचीन पूजा स्थल हैं। जिनमें पहले को किंग सुलेमान ने बनवाया था। बेबीलोन्स ने इसे तबाह कर दिया था। फिर उसी जगह यहूदियों का दूसरा मंदिर बनावाया गया जिसे रोमन साम्राज्य ने नष्ट कर दिया था। इसका उल्लेख बाइबिल में भी बताया जाता है। जाहिर है कि इस्राइलियों का दावा सर्वाधिक प्राचीन है। इस समय यहां इजरायल का कब्जा है। यरुशलम में ही ईसाइयों द चर्च ऑफ द होली सेपल्कर है। मान्यता है कि ईसा मसीह को यहीं सूली पर चढ़ाया गया था। यहीं प्रभु यीशु के पुनर्जीवित हो उठने वाली जगह भी है। 1967 के युद्ध में इजराइल ने पूर्वी यरुशलम पर भी कब्जा कर लिया था। पूरे यरुशलम को ही वह अपनी राजधानी मानता रहा है। फिलिस्तीनी भी इसे अपनी भावी राजधानी के रूप में देखते हैं। इजराइल का वर्तमान भू भाग कभी तुर्की के अधीन था। तुर्की का वह साम्राज्य ओटोमान कहलाता है। जब 1914 में पहले विश्व युद्ध के दौरान तुर्की के मित्र राष्ट्रों के खिलाफ होने से तुर्की और ब्रिटेन के बीच युद्ध हुआ। ब्रिटेन ने युद्ध जीतकर ओटोमान साम्राज्य को अपने अधीन कर लिया।

जियोनिज्म विचार के अनुसार यहूदियों ने अपनी मूल व मातृभूमि को पुन: हासिल करने का संकल्प लिया था। संयुक्त राष्ट्र संघ ने अपनी स्थापना के दो वर्ष बाद फिलिस्तीन को दो हिस्सों में बांटने का निर्णय लिया। इस प्रकार इस्राइल अस्तित्व में आया। 1993 में इस्राइली नेतृत्व व अराफात दोनों ने लचीला रुख दिखाते हुए ओस्लो समझौता किया था। इसके अनुसार इस्राइल ने पहली बार फिलिस्तीनी मुक्ति संगठन को मान्यता प्रदान की थी। यह भी तय हुआ था कि पश्चिमी तट के जेरिको और गाजा पट्टी में फिलिस्तीनियों को सीमित स्वयत्तता प्रदान की जाएगी। 1996 में गाजा पट्टी क्षेत्र के करीब दस लाख मतदाताओं ने अट्ठासी सीटों के लिए मतदान किया था। इसी परिषद ने बाद में यासिर अराफात को फिलिस्तीन का राष्ट्रपति निर्वाचित किया था। 1997 में अराफात की पहल पर फिर एक समझौता हुआ। इससे तय हुआ कि पश्चिमी तट का अस्सी प्रतिशत हिस्सा तीन चरणों में फिलिस्तीन को सौप दिया जाएगा। लेकिन हर बार हमास की गतिविधियों ने शांति प्रयासों को विफल किया है। इससे इस्राइल को फिलिस्तीन पर हमले का अवसर मिलता है। जाहिर है कि हमास को दशकों से जारी अपनी आतंकी मानसिकता बदलनी होगी। इस संवेदनशील मसले का समाधान शांति वार्ता से ही निकल सकता है।

# डीआरडीओ ने किया 'स्मार्ट' का सफल परीक्षण

भुवनेश्वर। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने बुधवार सुबह ओडिशा के तट पर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से सुपरसोनिक मिसाइल-असिस्टेड रिलीज ऑफ टॉरपीडो (स्मार्ट) प्रणाली का सफलतापूर्वक परीक्षण किया। इससे नौसेना को बड़ी कामयाबी मिली है और भारत रक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के मामले में एक कदम और आगे बढ़ गया है। रक्षा मंत्रालय के एक बयान में कहा गया है कि 'स्मार्ट' अगली पीढ़ी की मिसाइल-आधारित हल्का टॉरपीडो वितरण प्रणाली है, जिसे भारतीय नौसेना की पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमता को हल्के टॉरपीडो की पारंपरिक सीमा से कहीं अधिक बढ़ाने के लिए डीआरडीओ द्वारा डिजाइन और विकसित किया गया है। यह प्रणाली भारतीय नौसेना की पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमता को बढ़ायेगी। इस कनस्तर-आधारित मिसाइल प्रणाली में कई उन्नत उप-प्रणालियाँ शामिल हैं, अर्थात् दो-चरण ठोस प्रणोदन प्रणाली, इलेक्ट्रोमैकेनिकल एक्चुएटर प्रणाली, सटीक जड़त्वीय नेविगेशन प्रणाली आदि। पनडुब्बी रोधी युद्ध में यह मिसाइल प्रणाली बेहद अहम साबित होने वाला है। यह एक कैनिस्टर आधारित मिसाइल प्रणाली है जो लंबी दूरी



के लक्ष्यों को भेदने में सक्षम है। इसमें कई उन्नत उप प्रणालियां है, जिनमें दो चरण ठोस प्रणोदन प्रणाली, इलेक्ट्रोमैकेनिकल एक्चुएटर प्रणाली तथा सटीक जड़त्वीय नौवहन प्रणाली है। स्मार्ट मिसाइल को युद्धक जहाज के साथ ही तटीय इलाकों से छोड़ा जा सकता है। यह मिसाइल अपनी अधिकांश उड़ान कम ऊंचाई पर हवा में पूरी करती है और अपने लक्ष्य के नजदीक जाकर मिसाइल से टॉरपीडो रिलीज करती है, जो पानी के भीतर लक्ष्य को भेद देता है। यह प्रणाली पैराशूट-आधारित रिलीज प्रणाली के साथ पेलोड के रूप में उन्नत हल्के वजन वाले टारपीडो को ले जा सकती है। मिसाइल को ग्राउंड मोबाइल लॉन्चर से लॉन्च किया गया था। इस परीक्षण में सममित पृथक्करण, इजेक्शन और गति नियंत्रण जैसे कई अत्याधुनिक तंत्रों को मान्य किया गया है। इस बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने स्मार्ट के सफल उड़ान-परीक्षण पर डीआरडीओ और उद्योग भागीदारों को बधाई दी है। उन्होंने कहा, इस प्रणाली के विकास से हमारी नौसेना की ताकत और बढ़ेगी। रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव और डीआरडीओ के अध्यक्ष समीर वी कामत ने भी पूरी स्मार्ट टीम के सहयोगियों के प्रयासों की सराहना की और उत्कृष्टता के पथ पर निरंतर आगे बढ़ने का आग्रह किया।

# अमेरिकी सीनेट ने रूसी यूरेनियम के आयात पर प्रतिबंध लगाने वाला विधेयक पारित किया

वाशिंगटन, 01 मई (वार्ता) अमेरिकी सीनेट ने रूसी यूरेनियम के अमेरिकी आयात पर प्रतिबंध लगाने वाले विधेयक को पारित कर दिया है। सीनेट ने मंगलवार रात सर्वसम्मति से यह विधेयक पारित कर दिया और इसे मंजूरी के लिए राष्ट्रपति जो बाइडेन को भेज दिया।



यह विधेयक विशेष रूप से रूस में या रूसी इकाई द्वारा उत्पादित गैर-विकिरणित कम-संवर्धित यूरेनियम के अमेरिकी आयात पर प्रतिबंध लगाता है। विधेयक अप्रकाशित निम्न के अमेरिकी आयात पर भी प्रतिबंध लगाता है। हालाँकि, विधेयक में कहा गया है कि अमेरिकी ऊर्जा विभाग इस प्रतिबंध से छूट जारी कर सकता है यदि यह निर्धारित करता है कि अमेरिकी परमाणु रिएक्टर या परमाणु ऊर्जा कंपनी के निरंतर संचालन को बनाए रखने के लिए कम समृद्ध यूरेनियम का कोई वैकल्पिक व्यवहार्य स्रोत उपलब्ध नहीं है, या यदि यह यह भी निर्धारित करता है कि यूरेनियम का अमेरिकी आयात राष्ट्रीय हित में है। ऊर्जा विभाग द्वारा जारी कोई भी छूट एक जनवरी, 2028 तक समाप्त होनी चाहिए, जबकि प्रतिबंध 31 दिसंबर, 2040 को समाप्त होगा।

**एपीएसईजेड ने हासिल की एएए क्रेडिट रेटिंग**

# हाईएस्ट रेटिंग हासिल करने वाला भारत का पहला प्राइवेट इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपर

अहमदाबाद। अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन (एपीएसईजेड) ने घोषणा की है कि केयर रेटिंग्स द्वारा इसे एएए क्रेडिट रेटिंग दी गई है। शीर्ष स्तर की यह रेटिंग न सिर्फ साख के उच्चतम स्तर को दर्शाती है, बल्कि तमाम वित्तीय प्रतिबद्धताओं को पूरा करने की कंपनी की क्षमता की भी पुष्टि करती है। इस उपलब्धि के साथ, एपीएसईजेड यह मान्यता प्राप्त करने वाला पहला प्राइवेट इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपर बन गया है। रेटिंग एपीएसईजेड के मजबूत इंटीग्रेटेड बिजनेस मॉडल का ही प्रतिनिधित्व नहीं करती है, बल्कि उद्योग में इसकी प्रमुख स्थिति, संचालन में लगातार वृद्धि, उत्तम लाभप्रदता, पर्याप्त लिक्विडिटी और कम लेवरेज को भी दर्शाती है। एपीएसईजेड के पास अधिग्रहण के बाद बंदरगाह संपत्तियों को बदलने का सफल ट्रैक रिकॉर्ड है। साथ ही, यह बंदरगाह गेट से ग्राहक गेट तक सेवाएँ प्रदान करने वाली परिवहन उपयोगिता के रूप में एकीकृत दृष्टिकोण रखता है। इससे भारत के तमाम पोर्ट्स के लिए 4 प्रतिशत सीएजीआर की तुलना में वित्त वर्ष 19 से लेकर वित्त वर्ष 24 के लिए वॉल्यूम में 15 प्रतिशत चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि देखने को मिली है। वित्त वर्ष 24 में एपीएसईजेड ने 419.95 एमएमटी का कार्गो वॉल्यूम हासिल किया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 24 प्रतिशत अधिक है। एपीएसईजेड के मैनेजिंग डायरेक्टर करण अदाणी ने कहा हम अपने वित्तीय अनुशासन और कर्ज को कम करने के प्रति समर्पण के साथ हमारे एसेट्स और कस्टमर चेन समेत दुनिया भर में हाईएस्ट प्रॉफिट वाली कंपनी के प्रति प्रतिबद्धता को महत्व देते हैं।

# आईपीएल में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी कर रहे जेक फ्रेजर मक्गर्क को नहीं मिली ऑस्ट्रेलियाई टीम में जगह

सिडनी । अमेरिका और वेस्टइंडीज की सह मेजबानी में होने वाले आगामी टी-20 विश्वकप के लिए ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को मिचेल मार्श की अगुवाई वाली 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करने वाले युवा बल्लेबाज जेक फ्रेजर-मक्गर्क और स्टीव स्मिथ को टीम में जगह नहीं मिली है। ऑस्ट्रेलियाई चयनकर्ताओं ने बुधवार की सुबह मिचेल मार्श को स्थायी टी-20 कप्तान भी नियुक्त कर दिया है। मार्श इससे पहले तीन टी-20 सीरीज में ऑस्ट्रेलियाई टीम की कप्तानी कर चुके हैं। उस वक्त वह तकरीबन 12 महीनों के लिए टीम के कार्यवाहक कप्तान थे। विश्वकप के लिए टीम के तेज गेंदबाजी क्रम में पैट कमिंस,



जॉश हेजलवुड और पैट कमिंस के अलावा टीम में युवा गेंदबाज नाथन एलिस को भी जगह दी गई है। वहीं विकेटकीपिंग में जोश इंगलस को पहली पसंद के कीपर मैथ्यू वेड के बाद रिजर्व विकेटकीपर के तौर पर चुना गया है। बल्लेबाजी क्रम में चयनकर्ताओं ने अनुभवी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर पर फिर से भरोसा जताया है। इसके अलावा ट्रेविस हेड भी टीम में हैं। मध्यक्रम में ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टॉयनिस और टिम डेविड का साथ शायद विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर मैथ्यू वेड देंगे। चयन समिति के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने बताया कि एगर और ग्रीन को अन्य खिलाड़ियों से पहले टीम में तरजीह दी गई। बेली ने कहा, हमारा मानना है कि एश्टन इस टूर्नामेंट में मार्कस स्टॉयनिस, ग्लेन मैक्सवेल, कैम ग्रीन और मिच मार्श के साथ हमारे गेंदबाज़ी आक्रमण के विकल्पों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। साथ ही हमारे पास अभी जो बल्लेबाज़ी विकल्प हैं। वह अलग-अलग परिस्थितियों में और अलग-अलग पोजीशन में बल्लेबाजी करने में सक्षम है। उन्होंने कहा, स्टीव स्मिथ, मैट शॉर्ट, जेसन बेहरनडॉर्फ, ऐरोन हार्डी, स्पेंसर जॉनसन और जेवियर बार्टलेट जैसे सभी खिलाड़ियों के बारे में हमने लंबी बातचीत की।

# परिणीति चोपड़ा संग बिगड़े मन्नारा चोपड़ा के रिश्ते

नई दिल्ली- %बिग बॉस 17% फेम मन्नारा चोपड़ा ने एक बार फिर अपने बहनों को लेकर बात की है. बिग बॉस के घर में मन्नारा बहनों का नाम सुन कर भड़क जाती थीं, ऐसे में अफवाहें सामने आईं कि उनका अपनी बहन परिणीति चोपड़ा और प्रियंका चोपड़ा के साथ अच्छे रिश्ते नहीं हैं. इन अफवाहों पर अब मन्नारा ने अपनी चुप्पी तोड़ी हैं. उन्होंने बताया कि आखिर क्यों %बिग बॉस% के घर में अपनी बहनों के बारे में बात नहीं करती थीं. क्या कहा मन्नारा ने चलिए आपको बताते हैं.

बहनों के साथ ऐसे हैं मन्नारा के रिश्ते



मन्नारा चोपड़ा ने बहन परिणीति चोपड़ा और प्रियंका चोपड़ा के साथ रिश्तों पर सफाई देते हुए कहा कि उनके संबंध बहुत ही सुलझे हुए हैं और कोई अनबन नहीं है. उन्होंने आगे कहा कि बिग बॉस एक ऐसा शो है जहां आप अपनी पर्सनालिटी दिखाने जाते हैं, इसलिए मैं नहीं चाहती थी कि कोई उन्हें नेपो किड कहे, इसलिए वह अपनी बहनों के बारे में ज्यादा बात नहीं करती थीं. वह चाहती थीं दर्शकों उनका जानें और उनके बारे में समझें. लेकिन बहनों का नाम नहीं लेने पर लोगों ने एक अलग ही कहानी बना ली.

# इजरायल दूतावास ने एनएसजी, दिल्ली पुलिस के साथ किया संयुक्त सुरक्षा अभ्यास

नयी दिल्ली 01 मई (वार्ता) फिलीस्तीन के गाजा में युद्ध को लेकर बढ़ते तनाव के बीच राष्ट्रीय राजधानी में इजरायली दूतावास ने राष्ट्रीय सुरक्षा गारद (एनएसजी) कमांडो सहित भारतीय सुरक्षा बलों के सहयोग से 卐भविष्य में संभावित खतरों का प्रभावी ढंग से मुकाबला करने के लिए सुरक्षा बलों की तत्परता卐 के वास्ते एक संयुक्त सुरक्षा अभ्यास किया।

इजरायली दूतावास ने बुधवार को एक बयान में कहा कि पिछले सप्ताह हुए इस अभ्यास में गृह मंत्रालय, दिल्ली पुलिस, राष्ट्रीय सुरक्षा गारद और अग्निशमन विभाग और यातायात पुलिस जैसी स्थानीय आपातकालीन सेवाओं सहित विभिन्न एजेंसियों ने भागीदारी की।

राष्ट्रीय राजधानी में इजरायली दूतावास में आयोजित दिन और रात के सत्रों में प्रतिभागियों ने संभावित आतंकवादी घटनाओं पर प्रतिक्रिया रणनीतियों को देखते हुए यह अभ्यास किया। संयुक्त सुरक्षा अभ्यास में भाग लेने वाली एजेंसियों की विशिष्ट इकाइयों को सक्रिय किया गया, जबकि दिल्ली यातायात पुलिस ने आसपास के क्षेत्र में यातायात नियंत्रण का प्रबंधन किया।

इस संयुक्त सुरक्षा अभ्यास ने इजरायली और भारतीय दोनों सेनाओं के लिए अपने समन्वय, संचार और परिचालन प्रक्रियाओं को परिष्कृत करने के लिए एक मंच के तौर पर कार्य किया है, जिससे आतंकवाद के खिलाफ उनके संयुक्त प्रयासों को बल मिला है।

इजरायली राजदूत नाओर गिलोन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संयुक्त सुरक्षा अभ्यास के महत्व पर जोर दिया।

उन्होंने कहा, 卐भारतीय सुरक्षा बलों के साथ यह संयुक्त सुरक्षा अभ्यास एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ है। हम उनके प्रयासों के लिए आभार व्यक्त करते हैं। ये सहयोगात्मक अभ्यास सुरक्षा और रक्षा में हमारे देशों के सहयोग को मजबूत करते हैं और वैश्विक स्थिरता के लिए हमारी साझा प्रतिबद्धता को मजबूत करते हैं। सुरक्षित दुनिया के लिए निरंतर सहयोग को बढ़ावा देने का हमारा दृढ़ संकल्प हैं।卐

उन्होंने कहा कि संयुक्त अभ्यास गाजा युद्ध के मद्देनजर इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव और विशेष रूप से पिछले महीने मध्य ईरान में एक प्रमुख हवाई अड्डे और परमाणु क्षेत्र के पास कथित इजरायली हवाई हमले के बाद किया गया है। कथित इजरायली हमले में दो ईरानी जनरलों की मौत के बाद ईरान ने बदला लेने की कसम खाई है। ईरान ने जवाबी कार्रवाई कर इजराइल पर मिसाइलों की झड़ी लगा दी थी।

गौरतलब है कि नई दिल्ली स्थित इजरायली दूतावास में भी पहले बम विस्फोट हुए हैं, जिनमें से एक पिछले साल दिसंबर में हुआ था जिसमें कोई हताहत नहीं हुआ था।

## विद्यार्थियों ने मतदाता जागरूकता रैली में दिया संदेश

औरैया। जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के दिशा निर्देशन में लोकसभा चुनाव की तैयारियों जोरों पर हैं। इस बीच जनपद में चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए रैली, गोष्ठी, हस्ताक्षर अभियान, आमंत्रण पत्र द्वारा लोगों को वोट करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को सदर ब्लॉक के मिहौली संकुल में खंड शिक्षा अधिकारी अजय विक्रम सिंह के नेतृत्व में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्कूली बच्चों व अध्यापकों ने रैली निकाली। इस दौरान हस्ताक्षर अभियान चलाकर अनिवार्य मतदान का संकल्प भी लिया गया। विद्यार्थियों ने तरह- तरह के स्लोगन बोलते हुए लोगों को अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए प्रेरित किया। अपनी ही सरकार है- वोट देना अधिकार है, सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो, आन-बान और शान से, सरकार बने मतदान से... यह नारे लगाते हुए स्कूली बच्चों, शिक्षकों व ग्रामीणों ने रैली निकाली। छात्र-छात्राओं ने लोगों को मताधिकार की महत्ता समझाते हुए शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया। हाथों में आकर्षक स्लोगन लिखी तख्तियों के साथ छात्र-छात्राएं के साथ जागरूक ग्रामीणों ने भी गांव का भ्रमण किया। इसके बाद रैली पुनः स्कूल परिसर में जाकर समाप्त हुई। जहां पर उपस्थित लोंगो ने हस्ताक्षर अभियान में उत्साह के साथ भाग किया व हस्ताक्षर कर अनिवार्य मतदान की शपथ ली। इस दौरान एआरपी अश्वनी त्रिपाठी, शिक्षक लोकेंद्र सिंह, शशांक पाण्डेय, विशाल मिश्रा, अखिलेश दुबे, राशिद सिद्दीकी, नेहा चतुर्वेदी, सत्यम दुबे, अतुल मिश्रा, मनीषा विश्नोई, प्रियंका वर्मा, उर्मिला गौतम सहित ग्रामीण व बच्चे उपस्थित रहे।

## मतदान कार्मिकों का 5 मई तक संपन्न होगा

औरैया। अपर जिला मजिस्ट्रेट (वि0/रा0)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र पाल सिंह ने अवगत कराया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु मतदान कार्मिकों का द्वितीय प्रशिक्षण 3 मई से 5 मई तक (प्रथम पाली प्रातः 9 बजे से अपरान्ह 1 बजे तक एवं द्वितीय पाली अपरान्ह 1ः30 बजे से 5ः30 बजे तक) सम्पन्न कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण चौधरी विशम्भर सिंह भारतीय विद्यालय बालिका इण्टर कालेज दिबियापुर रोड औरैया में आयोजित किया गया है। मतदान में लगे कार्मिकों को 3 से 5 मई तक उक्त प्रशिक्षण स्थल पर पोस्टल बैलेट पेपर के माध्यम से मतदान कराया जायेगा।

## भारतीय जनता पार्टी द्वारा पनवाडी में भी चुनावी कार्यालय का किया गया शुभारंभ

महोबा। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी की ओर से बुधवार को पनवाड़ी में कार्यालय का उद्घाटन किया गया। राठ रोड स्थित बाबू तालाब के सामने बनाए गए इस ऑफिस से ब्लॉक स्तर पर पार्टी प्रत्याशी की जीत के लिए रूपरेखा तैयार होगी। साल 2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी उम्मीदवार पुष्पेंद्र सिंह चंदेल ने पनवाड़ी ब्लॉक से अन्य पार्टी प्रत्याशियों के मुकाबले सर्वाधिक वोट हासिल किए थे। हवन पूजन के साथ संपन्न हुए उद्घाटन कार्यक्रम में राठ चैयरमैन श्रीनिवास बुधौलिया के साथ पूर्व जिलाध्यक्ष दिग्विजय दुबे, नगर पालिका अध्यक्ष संतोष चौरसिया, प्रधान संगठन जिलाध्यक्ष संजय दुबे, ब्लॉक प्रमुख अंजना श्रीप्रकाश अनुरागी, डॉक्टर मुरली मनोहर तिवारी, बीजेपी अनुसूचित मोर्चा के उप जिलाध्यक्ष धीरज अनुरागी, राजू मिश्रा, पंकज तिवारी, पनवाड़ी मंडल अध्यक्ष पवन सोनी, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष संतोष अग्निहोत्री, पूर्व प्रधान आशाराम यादव समेत बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## खडगे-राहुल ने मजदूर दिवस पर दी शुभकामनाएं

नयी दिल्ली (**जनता कनेक्शन**) । कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर श्रमिकों को शुभकामनाएं दी और कहा कि कांग्रेस ने श्रमिक सुधारो के लिए कई कदम उठाए हैं। श्री खडगे ने कहा 卐आज का दिन मेरे लिए विशेष है। मैंने जीवन की शुरुआत मज़दूरों के अधिकारों की वकालत करते हुए की थी। केंद्र के श्रम मंत्री के रूप में मैंने



श्रमिकों के जीवन को सरल एवं सुखद बनाने के कई प्रयास किए। देश की आधारशिला बनाने में हमारे श्रमिकों का अद्वितीय योगदान होता है। घंटों कड़ी मेहनत, कठिन परिश्रम और जद्दोजहद कर वो राष्ट्र निर्माण में अपनी अभिन्न भागीदारी सुनिश्चित करते है। उन्होने कहा 卐18वें लोकसभा चुनाव देश के श्रमिकों, मज़दूरों और कामगारों के अधिकारों को सुरक्षित करने का मौक़ा है। इस चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने 5 न्याय और 25 गारंटी दी है। हमारा %श्रमिक न्याय% ख़ासकर मज़दूरों को पर्याप्त पारिश्रमिक और उनका शोषण से बचाने के लिए अनेकों क्रांतिकारी कदम लेकर आया है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा 卐कांग्रेस की गारंटी है कि हमारी सरकार बनने के बाद हम मज़दूरों, कामगारों और असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले बहन-भाईयों का आत्मसम्मान सुनिश्चित करेंगे। श्रमिक न्याय के अंतर्गत इन 5 गारंटी को अक्षरशः लागू करेंगे। श्री गांधी ने कहा 卐सभी श्रमिक भाई-बहनों को अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। कांग्रेस की श्रमिक न्याय गारंटियां देश के सच्चे निर्माताओं की बेबसी की बेड़ियों को तोड़ कर उनकी मेहनत और उनके पसीने के न्याय करेंगी। 400 प्रतिदिन मेहनताना मनरेगा मज़दूर भी शामिल हैं। इसके अलावा 25 लाख तक का मुफ्त इलाज हमारा संकल्प है कि 'भारत बनाने वालों' को देश की समृद्धि में हिस्सा मिले और उनका जीवन सुरक्षित एवं खुशहाल बने।

## डीपफेक वीडियो के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर

नयी दिल्ली (**जनता कनेक्शन**)। दिल्ली उच्च न्यायालय में आगामी लोकसभा चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश करने वाले डीपफेक वीडियो के प्रसार के खिलाफ बुधवार को एक जनहित याचिका दायर की गयी। वरिष्ठ अधिवक्ता जयंत मेहता ने कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की खंडपीठ के समक्ष इस याचिका का उल्लेख किया। श्री मेहता ने अदालत को सूचित किया कि याचिका एक वकील निकाय द्वारा दायर की गयी है और अनुरोध किया कि इसे तत्काल सूचीबद्ध किया जाये। इसके बाद अदालत ने जनहित याचिका को कल दो मई के लिए तत्काल सूचीबद्ध करने की अनुमति दे दी।

## मुख्तार-अतीक के नाम पर वोट मांगने वालों को जनता नहीं करेगी माफ : ब्रजेश

फतेहपुर (**जनता कनेक्शन**) । उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बुधवार को कहा कि मुख्तार और अतीक के नाम पर इंडी गठबंधन के लोग वोट मांग रहे हैं। इन्हे जनता कतई माफ नहीं करेगी। भाजपा उम्मीदवार साध्वी निरंजन ज्योति की नामांकन सभा को संबोधित करते हुये उन्होने नकहा 卐 मुख्तार अंसारी और अतीक अहमद इंडी गठबंधन वालों के लिए आदर्श हैं, ये डीरेल हो चुके लोग हैं जनता इन्हें माफ़ करने वाली नहीं है। ये प्रदेश की सभी सीटों पर हार रहे हैं।卐



उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सभ्य समाज में गुंडा और माफिया आदर्श नहीं हो सकते हैं। सभ्य समाज में इनका कहीं कोई स्थान नहीं है, लेकिन विपक्षियों के लिए यही समाज के अगुआ हैं, इनके लिए ये वोट के ठेकेदार हैं। लेकिन, भाजपा सरकार ने इनकी दुकानदारी पर ताला लगा दिया है। आज गुंडे, माफिया, दंगाई उत्तर प्रदेश में खुलेआम नहीं घूम सकते, बहन-बेटी, कारोबारी और आम आदमी को परेशान नहीं कर सकते। श्री पाठक ने कहा कि संपूर्ण विपक्ष क्राइम, करप्शन और कास्ट की घिनौनी राजनीति का कॉकटेल है। यह ऐसा जहर है जो समाज को दूषित तो करता ही है, भारत की तरक्की में भी बाधक है। कांग्रेसी और इंडी अलायंस के नेता 12 लाख करोड़ के घपले के आरोपी हैं। इनके तमाम नेता जेल में हैं और तमाम बेल पर हैं। ये भ्रष्टाचारी खुद को बचाने के लिए मोदी और भाजपा का विरोध करते हैं। इनकी नीति, नीयत और नेता सब संदेह में हैं। उपमुख्यमंत्रीं ने अपील की कि सभी भाजपा उम्मीदवार को जिताने के लिए ईवीएम में कमल का बटन दनादन दबायें।

## साइलेंसर की चिंगारी से बस में लगी आग, सवारियों ने कूदकर बचाई जान

रामपुरा/माधौगढ़ (**जनता कनेक्शन**)। साइलेंसर से निकली चिंगारी से प्राइवेट बस धू -धू कर जलने लगी। आग की लपटों को देख पीछे से किसी ने चालक को जानकारी दी। जिस पर बस को रोक दिया गया। उसमें मोजूद सवारियों ने कूदकर अपनी जान बचाई। आधे घंटे की देरी से पहुंची दमकल टीम ने आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक पूरी बस जलकर राख हो गई। माधौगढ़ से ग्वालियर के लिए जाने वाली बस सोमवार दोपहर माधौगढ़ से रामपुरा बारात लेने जा रही थी। बस स्टैंड से आधा दर्जन सवारी बैठ गई। बस के डीजल टैंक से डीजल टपक रहा था। बस ऊंचा मोड़ तक पहुंची थी कि बस में अचानक आग लग गई। पीछे से आ रहे एक युवक ने आवाज लगाकर चालक को जानकारी दी। मिहौनी के पास चालक ने बस को रोक दिया। बस धू -धू कर जलने लगी। दो महिला सहित सवार पांच लोगों ने बस से कूद कर जान बचाई। मिहौनी निवासी शिक्षा मित्र बस में सवार नीता देवी ने बताया कि वह मिहौनी गांव जा रही थी। बस में आग की लपटें देख घबरा गईं और बस से कूदकर जान बचाई। जानकारी के बाद आधे घंटे की देरी से पहुंची दमकल टीम ने आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक बस पूरी तरह

## प्रतिभागी सीखेंगे अभिनय के गुर

प्रयागराज। उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से रंगमंच के प्रति रुचि पैदा करने के उद्देश्य से 40 दिवसीय प्रस्तुतिपरक रंगमंच कार्यशाला गुरूवार से सांस्कृतिक केंद्र परिसर में शुरू होगा। जिसमें चयनित प्रतिभागियों को राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के वरिष्ठ प्रशिक्षकों द्वारा थियेटर के गुर सिखाए जाएगें। कार्यशाला सुबह 8 बजे से लेकर शाम 6 बजे तक चलेगी। इसमें प्रतिभागियों को मंच सज्जा, कास्ट्यूम डिजाइन, अभिनय तथा रंगमंच की भाषा का प्रशिक्षण दिया जाएगा। केंद्र निदेशक प्रो. सुरेश शर्मा ने बताया कि इस रंगमंचीय कार्यशाला के लिए विभिन्न राज्यों से 247 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें दो सदस्यों की समिति द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से 40 प्रतिभागियों का चयन किया गया है।

जिसमें 18 प्रतिभागियों का चयन राजस्थान, बिहार, मुंबई, भोपाल, उड़ीसा से किया गया है तथा 22 प्रशिक्षुओं का चयन उत्तर प्रदेश के प्रयागराज, जौनपुर, बलरामपुर, लखनऊ, औरैया, प्रतापगढ़ विभिन्न जिलों से हुआ है, जिसमें 8 महिला प्रतिभागी भी शामिल हैं।

# सपा-भाजपा के बीच चुनौतीपूर्ण संघर्ष

**जनता कनेक्शन**

फिरोजाबाद । फिरोजाबाद लोकसभा सीट पर तीसरे चरण का चुनाव प्रचार तेजी पकड़ता जा रहा है। इस सीट पर भाजपा, सपा और बसपा के त्रिकोणीय संघर्ष में भाजपा और सपा प्रत्याशी के बीच चुनौतीपूर्ण संघर्ष की स्थिति बन गई है।

दोनों ही दलों के प्रत्याशियो की जीत पक्की करने के लिए पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की चुनावी सभाओं का सिलसिला जारी है। हालांकि हार जीत का फैसला तो लोकसभा क्षेत्र के करीब 19 लाख मतदाताओं के द्वारा किया जाना है। फिरोजाबाद लोकसभा सीट समाजवादी पार्टी का गढ़ मानी जाती है। हालांकि इस सीट पर कभी किसी राजनीतिक दल का एक छत्र राज्य नहीं रहा है। मैनपुरी जनपद से लगे होने के कारण नए परिसीमन के बाद यह लोकसभा सीट यादव बाहुल्य?? मतदाताओ की वजह से ? समाजवादी पार्टी के गढ़ में शामिल मानी जाती है। फिलहाल यहां पांच विधानसभा में से तीन विधानसभा पर? समाजवादी पार्टी



का कब्जा है जबकि दो भाजपा के पास है। इस लिहाज से सीधा-सीधा संघर्ष सपा और भाजपा के बीच माना जा रहा है। फिरोजाबाद लोक सभा सीट पर कुल सात प्रत्याशी चुनाव मैदान में है जिसमें मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी ने ठाकुर विश्व दीप सिंह को? वर्तमान सांसद डॉक्टर चंद्र सेन जादौन के स्थान पर? अपना प्रत्याशी बनाया है।? विश्व दीप सिंह वर्ष 2014 में बसपा की टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़कर हार चुके हैं इस बार उन्हें भारतीय जनता पार्टी ने टिकट देकर चुनाव लड़ने का मौका दिया है हालांकि उनके पिता वर्ष 1957 में स्वर्गीय ठाकुर ब्रजराज सिंह सोशलिस्ट पार्टी के समर्थन से सांसद चुने गए थे। वहीं समाजवादी पार्टी ने पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री राम गोपाल यादव के बेटे अक्षय यादव को तीसरी बार यहां चुनाव मैदान में पार्टी की ओर से उतरा? है।

अक्षय यादव ने 2014 में भाजपा के प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल को शिकस्त देकर विजय प्राप्त की थी वहीं 2019 में भाजपा के डॉक्टर चंद्र सेन जादौन ने अक्षय यादव को हराकर भाजपा को? विजय श्री दिलाई थी।? सपा की ओर से अक्षय यादव एक बार फिर चुनाव मैदान में समाजवादी पार्टी की प्रतिष्ठा बचाने के लिए जी जान से जुड़े हुए हैं उनके समर्थन में शिवपाल सिंह यादव और अखिलेश यादव क्षेत्र में जनसभाएं करेंगे। जीत की प्रतिष्ठा को लेकर प्रोफेसर रामगोपाल यादव यहां रहकर चुनाव प्रचार और प्रबंधन पर पूरी कमान कैसे हुए हैं। बसपा से अलग हुए मंडल प्रभारी सत्येंद्र जैन सोली को सपा में शामिल कर रामगोपाल यादव ने उन्हें राष्ट्रीय सचिव पद से नवाजा है अब देखना है उसका कितना लाभ उन्हें मिल पाता है। बसपा ने सत्येंद्र जैन सोली को पहले अपना प्रत्याशी घोषित किया था बाद में उन्होंने प्रत्याशी बदल दिया जिसकी वजह से सतेंद्र जैन सोली ने बसपा से त्यागपत्र देकर सपा का दामन थामा है।

बहुजन समाजवादी पार्टी का लोकसभा क्षेत्र में प्रदर्शन दोनों पार्टियों की तुलना में कमजोर रहा है। इस बार आगरा के चौधरी बशीर को पार्टी ने प्रत्याशी बनाया है हालांकि जब निर्दलीय रूप से चुनाव मैदान में उतरे थे तब केवल ढाई हजार के लगभग वोट प्राप्त हुए थे। इस बार बहुजन समाजवादी पार्टी के मतदाताओं के अलावा समाजवादी पार्टी के वोट बैंक में सेंध लगाने के प्रयास से जीत हासिल करने की कोशिश मे चुनाव मैदान में डटे हुए हैं। मतदाताओं को एकजुट करने के लिए बसपा सुप्रीमो मायावती का भी आने का कार्यक्रम बनाने का प्रयास किया जा रहा है। गर्मी बढ़ने के साथ चुनावी सरगर्मी बरावर बढ़ती जा रही है प्रचार के अंतिम समय में एक बार फिर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गृहमंत्री अमित शाह रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव को चुनावी हवा बनाने के लिए सपा? के गढ़ को ध्वस्त करने की ?कोशिश में चुनाव प्रचार के लिए बुलाने का कार्यक्रम है।

# भाजपा को लगायें हार का इंजेक्शन : शिवपाल

**जनता कनेक्शन**

इटावा । समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने बुधवार को कहा कि जनता मतदान के जरिये भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को हार का ऐसा इंजेक्शन लगाए कि उसका दर्द दिल्ली तक महसूस हो।

मैनपुरी संसदीय सीट से पार्टी उम्मीदवार डिंपल यादव के समर्थन में इटावा जिले के जसवंतनगर विधानसभा के रायनगर, बलरई ओर धनुआ गांव में जनसभाओं को संबोधित करते हुये उन्होने कहा 卐 भले ही मुख्यमंत्री उनके बारे में चूरन जैसे बयान दे रहे हो लेकिन वह यह क्यों भूल जाते हैं, मेरे जैसे चूरन ने कई बड़ी-बड़ी शक्तियों और कई लोगो का हाजमा भी दुरुस्त कर दिया है, इसलिए सभी सपाई एकजुट होकर भाजपा को ऐसा इंजेक्शन वोटिंग के जरिए लगाना जिसकी चीख दिल्ली तक सुनाई दे। श्री यादव ने कहा कि भाजपा के नेता बहुत ही घटिया स्तर पर उतर आए है। देश की जनता को भ्रमित करते हुए ऐसे निर्णय लिए हैं जिसका कोई लाभ आम जनमानस को नहीं हुआ है। भाजपा को झूठ और आम



लोगों को दिग्भ्रमित करने के लिए जरूर याद रखें। भाजपा का झूठ बोलने में दुनिया में सानी नहीं है। केंद्र के 10 साल और उत्तर प्रदेश के 7 साल में केवल झूठ ही झूठ भाजपा ने बोला है। किसानो, बेरोजगारों,दलित और अन्य लोगों से किया गया एक भी वादा भाजपा ने पूरा नहीं किया है।

उन्होने कहा 卐 नेताजी (मुलायम) के परिवार पर कटाक्ष करने का मतलब भाजपा को पता नहीं है। नेताजी के परिवार पर अगर भाजपा कटाक्ष करेगी तो उत्तर प्रदेश की जनता हर हाल में सबक सिखाने का काम जरूर करेगी।卐

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर हमला करते हुए उन्होने कहा कि वह केवल कपड़ों से संत लगते हैं लेकिन अपनी भाषा से कहीं पर भी संत प्रतीत नहीं होते हैं। उन्होने अपने समर्थकों से कहा कि मुख्यमंत्री ने उनके नेता के प्रति चूरन जैसे शब्द का इस्तेमाल किया है जिसका जवाब सात मई को डिंपल यादव के पक्ष में बड़े पैमाने पर वोटिंग करके ऐसा इंजेक्शन लगाना जिसकी चीख भारतीय जनता पार्टी को दिल्ली तक सुनाई दे।

# वनांगना संस्था द्वारा विश्व मजदूर दिवस मनाया गया

बांदा।वनांगना संस्था द्वारा तरंग मेरे सपने मेरी उड़ान कार्यकर्म के तहत 1मई2024 को बांदा जिले के सकरीहा पुरवा गाँव में विश्व मज़दूर दिवस मनाया गया।कार्यक्रम में लगभग 60 मज़दूर शामील रहे।संस्था कार्यकर्ता शायमकली द्वारा संस्था का परिचय बताते हुए कहा की वानंगाना संस्था हमेशा समानता पर कार्य करने के लिए जन जागरूकता के कार्यक्रम करती रहती है। शोभा द्वारा कार्यकर्म का उद्धेश्य बताते हुए कहा की समाज और देश के विकास के लिए जितना योगदान पुरषों का है उतना ही महिलाओं का योगदान है। आज अगर कामकाजी वर्ग के लिए काम के 8 घंटे तय हैँ तो वह अमेरिका में 1 मई 1986 मे आंदोलन का नतीजा है। इस दिन अमेरिका में लगभग 15000 लोगो ने मिलकर आवाज उठाई और 15 घंटे काम को को घटा कर 8 घंटे करने की अपनी मांगों को लेकर बहुत ही संघर्ष किया। तभी से मजदूर दिवस मनाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि 1989 में पेरिस में इंटरनेशनल कौनफ्रेंस हुई थी उसके बाद 1 मई को मजदूर दिवस या कामगार दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। कार्यक्रम की शुरुवात समुदाय की लीडर्स लड़कियों द्वारा गीत के साथ की गई। रोजगार सेवक राधेश्याम ने कहा की सभी लोग आवेदन करे काम दिया जाएगा। जिसको भी काम करना है अपना आवेदन फॉर्म भरवाए। और सभी लोग साथ चलकर ब्लाक में वीडियो को दे। इसी के साथ ही गांव के लोगो ने काम की समस्या बताई की गांव में कोई काम नहीं है। इसलिए हमारे लडके बाहर चले जाते है। सकरीहा गांव में किसी भी व्यक्ति को पता नहीं था की हमारे गांव का मेट कौन है।

कार्यक्रम मे महिला मेट शबीना ने बताया की इस ग्राम पंचायत में हमें काम ही नहीं मिलता तो हम कैसे मज़दूरों को क्या काम बताएं।संस्था कार्यकर्ता ने सभी की समस्या पर तत्काल कार्य करने का आश्वासन दिया, और कहा की संगठित होकर आपकी समस्या लिखित तौर पर प्रसाशन को दी जाएगी।

## हिंदू-मुस्लिम एकता के प्रतीक हजरत काले शहीद बाबा मनाया गया

बांदा । तिंदवारी कस्बे में विख्यात हिंदू - मुस्लिम एकता का प्रतीक हजरत काले शहीद बाबा के दरबार में हजारों दर्शनार्थी जाते हैं और दुआएं मांगते है, इसी के अंतर्गत उर्स कमेटी तथा आस्था रखने वालों ने गागर चादर कार्यक्रम का आयोजन किया। उर्स कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद शाबीर ने जानकारी देते हुए बताया कि तिंदवारी कस्बे में हजरत काले शहीद बाबा का दरबार हिंदू - मुस्लिम एकता का प्रतीक है और यहां पर हिंदू - मुस्लिम भाइयों में कोई भेद नहीं है। सभी लोग यहां पर आते हैं और अपनी मनोकामनाएं मांगते हैं और हजरत काले शहीद बाबा के आशीर्वाद से उन सभी की मनोकामनाएं पूरी होती हैं। वहीं कमेटी के अध्यक्ष ने बताया कि उर्स दिवस के उपलक्ष्य में गागर चादर नगर भ्रमण किया गया है तथा आज 45वा उर्स दिवस मनाया जा रहा है तथा इसी के अंतर्गत जवाबी कव्वालियों का भी कार्यक्रम रखा गया है। जिसमे बाहर से कलाकार बुलाए गए हैं और इस कार्यक्रम में सभी क्षेत्रवासी और नगरवासी आमंत्रित हैं।

# बसपा छोड़ सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा में शामिल हुए रामकुमार अवस्थी

दिबियापुर। नगर के एक गेस्ट हाउस में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की बैठक हुई जिसमें जिले के दिग्गज बसपाई रहे रामकुमार अवस्थी ने अपने सैकड़ो कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा का दामन थाम लिया। पेशे से राजकीय ठेकेदार एवं राजनीतिज्ञ रहे उन्होंने अपनी पारी बहुजन समाज पार्टी से शुरू कर पहला जिला पंचायत सदस्य का चुनाव लड़कर जीत हासिल की। तत्पश्चात दिबियापुर विधानसभा से बसपा के टिकट पर चुनाव लड़ा । यद्यपि उनको इस चुनाव में जीत तो नहीं मिली लेकिन उनको रिकार्ड तोड़ वोट 53000 मिले। अभी हाल में ही उनकी पत्नी ने दिबियापुर नगर पंचायत अध्यक्ष का चुनाव निर्दलीय प्रत्याशी होकर लड़ा था लेकिन उसमें सफल न हो सकीं थीं कारण उनके सामने बसपा का दूसरा अधिकृत प्रत्याशी भी चुनाव मैदान में था। मंगलवार को उन्होंने इटावा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी प्रोफेसर रामशंकर कठेरिया के सम्मुख अपने सैकड़ो कार्यकर्ताओं के साथ विधिवत भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली । बसपाई से भाजपा होने पर उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि वह



भाजपा सरकार और देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की देश के प्रति कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्र प्रेम से प्रभावित भाजपा में शामिल होकर अपने को गौरांवित महसूस कर रहा हूं। प्रत्याशी सांसद रामशंकर कठेरिया ने बसपा छोड़ सैकड़ों कार्यकर्ताओं की तादात में भाजपा में शामिल हुए रामकुमार अवस्थी का माल्यार्पण कर स्वागत और सम्मान किया। साथ ही उन्होंने उनको विश्वास दिलाया कि आपके सम्मान और स्वाभिमान की सदैव रक्षा भाजपा में सुनिश्चित रहेगी। अपने संबोधन में उन्होंने कहा की जनसंघ काल से ही भाजपा ने सदैव राष्ट्र को सर्वोपरि मान कर लोकतंत्र के मंदिर को सशक्त बनाने का कार्य किया है। जनसंघ के संस्थापक रहे श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कांग्रेस मंत्रिमंडल से त्यागपत्र यह कह कर दे दिया था कि जिस देश में एक प्रधान और एक विधान नहीं होगा वहां रहना लोकतंत्र के लिए बिल्कुल ठीक नहीं है। इसलिए उन्होंने नेहरू मंत्रिमंडल से त्यागपत्र दे दिया था। इसके साथ ही उन्होंने सभी प्रबुद्ध जनों और मतदाताओं से चुनाव में अब जी जान से जुट जाने का आवाहन भी किया । ताकि उन्हें इस बार पूरे 5 वर्ष तक इटावा लोकसभा क्षेत्र के लोगों की सेवा करने का मौका मिल सके। दिबियापुर के पूर्व विधायक व राज्य मंत्री रहे लाखन सिंह राजपूत ने अपने संबोधन में कहा कि पहले औरैया जिला इटावा जिले का ही हिस्सा था लेकिन जब से जिला औरैया अस्तित्व में आया है यहां पर विकास के कार्य युद्ध स्तर पर किए गए हैं। चाहे मेडिकल कॉलेज की स्थापना हो , बिथुना में नेत्र चिकित्सालय हो , दिबियापुर का आधुनिक बस अड्डा हो या अन्य बहुत से विकास के कार्य ।

औरैया में केंद्र की और प्रदेश की भाजपा सरकारों द्वारा बहुत से विकास के कार्य कराए गए हैं। जिला प्रभारी आनंद सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि इस बार अपने प्रत्याशी प्रोफेसर डॉ राम शंकर कठेरिया जी को औरैया जनपद की सदर और दिबियापुर विधानसभा से ऐतिहासिक जीत मिलेगी और जीत का अंतर पहले से दोगुना होगा। भाजपा जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता ने भी अपने संबोधन में सभी लोगों से कहा कि अगर कोई राजनैतिक दल राष्ट्र की बात करता है तो वह है भारतीय जनता पार्टी जिसमें एक साधारण सा कार्यकर्ता देश के उच्च पद पर आसीन हो सकता है। कार्यक्रम को दिबियापुर विधानसभा प्रभारी महेंद्र मिश्रा, विधानसभा संयोजक सरनाम सिंह शाक्य, अरुण कुमार उर्फ लाल दुबे और आसाराम राजपूत ने भी संबोधित किया। कार्यकर्ता सम्मेलन में पांच सैकड़ा से भी ज्यादा भाजपाई मौजूद रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन राजेश कुमार अग्निहोत्री जिला संयोजक शिक्षक प्रकोष्ठ भाजपा औरैया एवं प्रदेश अध्यक्ष प्रधानाचार्य परिषद उत्तर प्रदेश ने किया।

# बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाता से मतदान कराने को घर-घर पहुंचेगी टीम

औरैया। आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने तथा भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप 85 प्लस व दिव्यांग मतदाताओं को सुगमता एवं सहजता के दृष्टिगत पोस्टल बैलेट के माध्यम से इच्छुक मतदाताओं को दिनांक 02 मई 2024 एवं 03 मई 2024 को घर-घर जाकर मतदान कराने हेतु जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश ने मतदान कार्य में तैनात मतदान कार्मिकों को निर्देशित किया कि वह अपनी निष्पक्षता सुनिश्चित करते हुए आवेदन देने वाले मतदाताओं को उनके मताधिकार के प्रयोग हेतु घर-घर जाकर मतदान कराये जिससे कोई भी 85 प्लस एवं दिव्यांग मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न रहने पाए और शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित हो जिससे जनपद का मतदान प्रतिशत भी बढ़े।


बैठक में अपर जिला मजिस्ट्रेट (वि0/रा0)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी





महेन्द्र पाल सिंह ने उपस्थित कार्मिकों को अवगत कराया कि दिनांक 02 मई 2024 एवं 03 मई 2024 को मतदान के दिन निर्वाचन लड़ने वाले उम्मीदवार व उनके निर्वाचन अभिकर्ता अथवा नियुक्त मतदान अभिकर्ता उपस्थित रह सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि मतदान के समय मतदाता को मतदाता फोटो पहचान पत्र अथवा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित 12 फोटो पहचान पत्र विकल्पों में से कोई एक विकल्प मतदान टीम के समक्ष प्रस्तुत करता है तो उसे अपने मताधिकार का प्रयोग करने दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि पोस्टल बैलेट के माध्यम से दिनांक 02 मई 2024 एवं 03 मई 2024 को मतदान कराए जाने हेतु 203-दिबियापुर एवं 204-औरैया (अ0जा0) में 8-8 टीमें गठित की गयी है जो घर-घर जाकर संबंधित तहसील में प्रातः 8ः00 बजे से मतदान करायेंगी।

# डायनासोर की तरह समाप्त हो जाएगी कांग्रेस : राजनाथ



जनता कनेक्शन

बदायूं, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को कहा कि अगले एक दशक में कांग्रेस का अस्तित्व डायनासोर की तरह समाप्त हो जायेगा।

आंवला लोकसभा क्षेत्र के विधानसभा दातागंज में भाजपा प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप एवं बदायूं से भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शौक के समर्थन में संयुक्त जनसभा को संबोधित करते हुये श्री सिंह ने कहा कि समाजवाद पार्टी (सपा) अब समाप्तवादी पार्टी बनने की ओर अग्रसर है जबकि भ्रष्टाचार को प्रोत्साहन देने वाली कांग्रेस भी दस सालों में लुप्तप्राय¬ हो जायेगी।

उन्होने कहा कि कांग्रेस की सरकार में उनके प्रधानमंत्री ने स्वीकार किया था कि हम गरीबों को एक रुपये भेजते हैं तो उनके खाते में 12 पैसे ही पहुंचाते हैं। आज प्रधानमंत्री मोदी के शासनकाल में यदि एक रुपये भेजा जाता है तो वह पूरा का पूरा एक रुपया ही खाते में पहुंचता है। श्री मोदी ने जनधन खाते खुलवाकर देश को भ्रष्टाचार से मुक्त किया है।

राजनाथ सिंह ने कहा 卐 कोरोना संकट से सभी लोग प्रभावित रहे। हमारे यहां कोरोना की वैक्सीन नहीं बनती, प्रधानमंत्री ने वैज्ञानिकों से बात की और कहा कि जितना पैसा लगेगा हम खर्च करेंगे लेकिन हमारे देश में कोरोना की वैक्सीन बननी चाहिए। वैज्ञानिकों ने उसके बाद कोरोना का टीका तैयार किया। भारत दुनिया का अकेला देश है जहां के नागरिकों को दो से लेकर तीन तक कोरोना की वैक्सीन लगीं। सभी को वैक्सीन लगी किसी को दो तो किसी को तीन लगीं। अमेरिका में लोग यह दावा नहीं कर सकते कि उनको दो या तीन वैक्सीन लगीं हों। दुनिया के सौ देशों को हमने कोरोना वैक्सीन देने का काम किया है।卐

उन्होने कहा 卐 युद्धग्रस्त यूक्रेन में फंसे भारतीय छात्रों को बाहर निकालने के लिये श्री मोदी के प्रयास का ही नतीजा था कि रुस और यूक्रेन ने साढ़े चार घंटे के लिए युद्ध रोका था। यह है आज का भारत। यहां तक बंदूकें दूसरे देश से आती थीं। 2014 में केवल 200 करोड रुपए के छोटे-छोटे नट बोल्ट का हम कुछ देशों को एक्सपोर्ट किया करते थे आज हमने 21000 करोड़ रूपये का एक्सपोर्ट दुनिया को दिया है। हम बम, तोप, ब्रह्मोस बेच रहे हैं। रक्षा क्षेत्र में भी भारत तेजी से आत्मनिर्भर हो रहा है।卐 उन्होने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने जो वादा किया वह पूरा नहीं किया। जबकि भाजपा की सरकार में गरीबों को आवास मिला। जिन गरीबों को आवास नहीं मिला है उन्हें भी मिलेगा। पानी, शौचालय, मकान आदि सभी मिलेगा। महिलाओं की सुरक्षा के लिये हर स्तर पर काम किया गया। किसानो को खाद के लिये छह हजार रुपये मिल रहे हैं। गरीबों को पांच किलो राशन दिया जा रहा है जो अगले पांच सालों तक जारी रहेगा। आयुष्मान कार्ड में पांच लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा दी गयी है।

श्री सिंह ने कहा कि कांग्रेस के लोग इन बातों को नहीं समझते। सपा खत्म हो रही है। सपा क्या है समाप्त पार्टी। कांग्रेस के बारे में भी 10 साल के बाद पूछेंगे तो डायनासोर की तरह यह भी समाप्त हो जाएगी। मोदी के नेतृत्व के नयी सोच के साथ नये भारत का निर्माण हो रहा है। भारत की लम्बी विकास की यात्रा में सभी सरकारों का योगदान है लेकिन हमारी सरकार में जो विकास की तेजी देखने को मिली, वह कभी नहीं मिली। उन्होने कहा कि योजनाओं का लाभ जिन तक पहुंचना चाहिए उन तक पहुंचाने का प्रयास किया। हमें सफलता मिलने के साथ ही असफलता भी मिली। चन्द्रयान 2 तैयार किया था वह चन्द्रमा पर नहीं पहुंचा। हमारे वैज्ञानिकों का मनोबल टूटा मगर श्री मोदी सुबह चार बजे वैज्ञानिकों के बीच पहुंचे औरर उन्हें आगे बढ़ने का हौसला दिया।

# जियाउल रहमान खान को सौंपी जिला सचिव की कमान

जनता कनेक्शन

मलिहाबाद,लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव व प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की अनुमति से जियाऊल रहमान खान को समाजवादी पार्टी लखनऊ का जिला सचिव मनोनीत किया गया।वर्तमान में

चल रहे लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी अपने को मजबूत करने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ रही है। इसी क्रम में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव तथा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की अनुमति से मलिहाबाद निवासी जियाउल रहमान खान को जिला समाजवादी पार्टी लखनऊ का सचिव मनोनीत किया गया।पार्टी ने नव मनोनीत सचिव से आशा की है कि वह सपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम




करेंगे और पार्टी को मजबूती दिलाएंगे।जियाउल खान के जुड़ जाने से मलिहाबाद के काफी वर्ग मे हर्ष है सभी ने उनका स्वागत किया युवा और गरीब वर्ग काफी प्रभावित होगा जिसका लाभ पार्टी को मिलेगा। इस मौके पर ज़िला कार्यलय में ज़िला अध्यक्ष जय सिंह जयंत एव ज़िला महासचिव शब्बीर खान,वरिष्ठ ज़िला उपाध्यक्ष टीबी सिंह एव ज़िला उपाध्यक्ष ज़ीशान वली,सुजा खान समेत समाजवादी पार्टी के अन्य नेतागण उपस्थित रहे ।

## संक्षिप्त समाचार

### बसपा प्रत्याशी श्रीकला सिंह ने किया नामांकन

जौनपुर, जौनपुर लोकसभा क्षेत्र में नामांकन के तीसरे दिन आज बुधवार को पूर्व सांसद धनंजय सिंह की पत्नी और जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकला धनंजय सिंह ने बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रत्याशी के तौर पर अपना नामांकन दाखिल किया।

श्रीमती सिंह ने जिला निर्वाचन अधिकारी सह जिलाधिकारी रविंद्र कुमार माँदड़ के यहाँ अपना नामांकन दाखिल किया। जौनपुर लोकसभा क्षेत्र से बसपा उम्मीदवार श्रीकला सिंह पूर्व सांसद धनंजय सिंह की पत्नी हैं। धनंजय सिंह को मई वर्ष 2020 में लाइन बाजार थाना में अपहरण व रंगदारी के मामले में दर्ज मुकदमे में सात साल की सजा हुई है, हालांकि बीते शनिवार को उन्हें प्रयागराज हाईकोर्ट ने जमानत दी है। कोर्ट द्वारा सजा में कोई ढील देने के कारण धनंजय सिंह चुनाव नहीं लड़ सकते हैं। समाज विकास क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं जौनपुर लोकसभा सीट से प्रत्याशी अशोक सिंह ने बुधवार को पुन¬ पर्चा दखिल किया। अशोक सिंह महाराष्ट्र में उद्यमी हैं। बीते दिनों आचार संहिता के उल्लंघन में उनके खिलाफ लाइन बाजार थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था।

### एपीएसईजेड ने हासिल की एएए क्रेडिट रेटिंग

अहमदाबाद। अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन (एपीएसईजेड) ने घोषणा की है कि केयर रेटिंग्स द्वारा इसे एएए क्रेडिट रेटिंग दी गई है। शीर्ष स्तर की यह रेटिंग न सिर्फ साख के उच्चतम स्तर को दर्शाती है, बल्कि तमाम वित्तीय प्रतिबद्धताओं को पूरा करने की कंपनी की क्षमता की भी पुष्टि करती है। इस उपलब्धि के साथ, एपीएसईजेड यह मान्यता प्राप्त करने वाला पहला प्राइवेट इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपर बन गया है। रेटिंग एपीएसईजेड के मजबूत इंटीग्रेटेड बिजनेस मॉडल का ही प्रतिनिधित्व नहीं करती है, बल्कि उद्योग में इसकी प्रमुख स्थिति, संचालन में लगातार वृद्धि, उत्तम लाभप्रदता, पर्याप्त लिक्विडिटी और कम लेवरेज को भी दर्शाती है। एपीएसईजेड के पास अधिग्रहण के बाद बंदरगाह संपत्तियों को बदलने का सफल ट्रैक रिकॉर्ड है। साथ ही, यह बंदरगाह गेट से ग्राहक गेट तक सेवाएँ प्रदान करने वाली परिवहन उपयोगिता के रूप में एकीकृत दृष्टिकोण रखता है।

इससे भारत के तमाम पोर्ट्स के लिए 4 प्रतिशत सीएजीआर की तुलना में वित्त वर्ष 19 से लेकर वित्त वर्ष 24 के लिए वॉल्यूम में 15 प्रतिशत चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि देखने को मिली है। वित्त वर्ष 24 में एपीएसईजेड ने 419.95 एमएमटी का कार्गो वॉल्यूम हासिल किया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 24 प्रतिशत अधिक है। एपीएसईजेड के मैनेजिंग डायरेक्टर करण अदाणी ने कहा हम अपने वित्तीय अनुशासन और कर्ज को कम करने के प्रति समर्पण के साथ हमारे एसेट्स और कस्टमर चेन समेत दुनिया भर में हाईएस्ट प्रॉफिट वाली कंपनी के प्रति प्रतिबद्धता को महत्व देते हैं।

### स्कूल का शुभारंभ हुआ






लखनऊ (जनता कनेक्शन) । पारा थाना क्षेत्र के खुशहाल गंज मोहान रोड हरदोईया मोड़ तिराहा के समीप डी पी एस जूनियर्स स्कूल का एक मई बुधवार को शुभारंभ हुआ। स्कूल का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य पूजा शुक्ला ने फीता काटकर किया। मौके पर स्कूल के मोहम्मद हसन तनवीर (शानू) मौजूद थे। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि पारा क्षेत्र के खुशहालगंज में प्ले स्कूल की आवश्यकता है। क्षेत्र में एक भी प्ले स्कूल नही है। उन्होंने कहा की प्ले स्कूल खुलने से बच्चों को अच्छी शिक्षा मिलेगी। बच्चों में भावनात्मक, सामाजिक, शारीरिक और मानसिक विकास के लिए प्ले स्कूल भेजना चाहिए। इससे बच्चे आजादी से सीखते है। कहा कि बच्चों का मस्तिष्क का 90 प्रतिशत विकास पांच वर्ष के उम्र तक हो जाता है। प्ले स्कूल में पढ़ने से अन्य बच्चों की अपेक्षा तेजी से होता है। वही मोहम्मद हसन तनवीर (शानू) ने बताया कि यहां यूकेजी तक शिक्षण की व्यवस्था है। यहां शिक्षण सामाग्री के साथ-साथ खेल की भी शिक्षा दी जाएगी। साथ ही स्कूल आने अथवा जाने के लिए सुरक्षित वाहन की व्यवस्था है। मौके पर समाजसेवी मोहम्मद इसरार खान ,जितेंद्र कुमार शुक्ला, सुरेश कुमार रावत, संतोष सिंह प्रधान खुरामपुर,विनोद कुमार द्विवेदी, अवध राम यादव ,अब्दुल्ला शेरखान,अयाज भाई, अंसार खान आदि मौजूद थे।

### पांच पोल का केबिल काट ले गये चोर

**किसानों के बागों की सिंचाई हो रही बाधित**

मलिहाबाद,लखनऊ (**जनता कनेक्शन**) । तहसील क्षेत्र मलिहाबाद के अमानीगंज स्थिति ओल्ड पावरहाउस के अंतर्गत काकोरी एजी फीडर पर बीते मंगलवार की रात सहिलामऊ हार के गंगाप्रसाद के नलकूप से जमाल अहमद व ज्ञानेंद्र मौर्य के नलकूप तक अज्ञात चोरों ने 5 पोल की एबीसी एलटी केबिल



लाइन के तार को चोर चोरी कर चंपत हो गए। बुधवार की सुबह जब गंगा प्रसाद, ज्ञानेंद्र अपने बाग में पंहुचे तो उन्हें चोरी की घटना की जानकारी हुई जिसके बाद उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों को तार चोरी के संबंध में लिखित शिकायत दी। बताते चलें कि बीते 16 अप्रैल को भी इसी किसानों के नलकूप से 10 पोल के बिजली केबिल तार अज्ञात चोरों द्वारा चोरी किये जा चुके हैं। इस संबंध में विद्युत विभाग के अधिकारियों ने सिंचाई के समय को ध्यान में रखते हुए जल्द ही कोई वैकल्पिक व्यवस्था करवाने का आश्वासन दिया है।

## अभिषेक दीक्षित सपा जिला सचिव मनोनीत

जनता कनेक्शन

लखनऊ। बुधवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव एवं प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के दिशा निर्देश पर लखनऊ जिलाध्यक्ष जय सिंह जयन्त ने मोहनलालगंज तहसील के गांव हुलास खेड़ा के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अभिषेक दीक्षित को जिला सचिव मनोनीत किया गया । जिला सचिव मनोनीत अभिषेक दीक्षित ने बताया कि समाजवादी पार्टी ने मुझे जो जिम्मेदारी दी है उस पर पूरे जोश के साथ पार्टी को मजबूती दिलाने का प्रयास करूंगा ।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष जय सिंह जयन्त , ग्राम प्रधान धनुवासाँड कृष्ण शरण प्रद्युम्न सिंह , एडवोकेट श्रवण यादव एवं समाजसेवी दिलीप यादव मौजूद रहे ।



## कृषि स्नातकों को ड्रोन आधारित प्रशिक्षण देने की शुरुआत

गोरखपुर। गोरखपुर क्षेत्र में पहली बार कृषि स्नातकों के लिए ड्रोन आधारित प्रशिक्षण की शुरुआत की गई है। यह पहल की है महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय ने।

विश्वविद्यालय ने ड्रोन द्वारा कृषि स्नातक के विद्यार्थियों को नवाचार से अवगत कराने और प्रशिक्षण हेतु ड्रोनियर एविगेंशन के सौजन्य से कृषि ड्रोन मंगवाया है। कृषि ड्रोन के द्वारा भूमि परीक्षण, स्थलाकृति और सीमाओं का सर्वेक्षण, मृदा परीक्षण, उर्वरक व कीटनाशकों का छिड़काव आदि कार्य कुशलतापूर्वक कम व्यय और कम समय में किया जा सकता है।

महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में इस तकनीकी का स्वागत करते हुए कुलपति मेजर जनरल डॉ. अतुल वाजपेयी ने कहा कि ग्रामीण भारत अब नवाचार और अविष्कार को आत्मसात करते हुए स्वर्णिम भविष्य की ओर अग्रसर है।

# भाजपा आईसीयू में, विदाई तय : अखिलेश

जनता कनेक्शन

इटावा, समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लोकसभा चुनाव में इंडिया समूह की बड़ी जीत का दावा करते हुये कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) आईसीयू में है और चार जून को उसकी विदाई तय है।

मैनपुरी संसदीय सीट से सपा उम्मीदवार और पत्नी डिंपल यादव के समर्थन में इंडिया गठबंधन की एक सभा को संबोधित करते हुये उन्होने कहा कि श्रमिक दिवस पर भारत में 83 प्रतिशत बेरोजगार हैं। भाजपा आईसीयू में जाएगी, मई में भाजपा का जाना तय है।

अयोध्या में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित रोड शो को लेकर एक सवाल पर उन्होने कहा 卐 रोड शो से कुछ नहीं होता है, दस साल में जनता को कुछ शो किया नहीं है बल्कि गरीबी बेरोजगारी महंगाई दे दी है। आज एक मई है और इसी मई में भाजपा जाने वाली है। 卐

उन्होने कहा 卐 आपने देखा कि वैक्सीन बनाने वाली कंपनी से भाजपा ने चंदा वसूल लिया। 80 फीसदी जनता को यह वैक्सीन लगी है। आम जनता की जान खतरे में डाल दी। वैज्ञानिक और विशेषज्ञ कहते हैं कि इस वजह से न केवल हार्ट बल्कि और कुछ बीमारियां भी हो सकती है । इसका जवाब कौन देगा यह तो आचार संहिता से और बड़ा उल्लंघन भाजपा ने किया। भाजपा ने हमारे और आपके स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर दी।卐

अखिलेश यादव ने कहा कि आज मजदूर दिवस है और श्रम विभाग की रिपोर्ट कहती है कि देश में 83 प्रतिशत युवा बेरोजगार हैं, किसान दुखी है नौजवान के हाथ में रोजगार नहीं है। वास्तव में भाजपा सरकार भरोसे के लायक नहीं है। इस सरकार ने अपने फैसलों से देश की जनता को संकट में डाला है। भाजपा सरकार के नोटबंदी, जीएसटी, इलेक्टोरल बांड लाने के फैसलों से महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार बढ़ा है।



सपा प्रमुख ने कहा 卐 जसवंतनगर की जनता ने मन बना लिया है। हर एक एक वोट सपा के पक्ष में पड़ने जा रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री यहां आए थे,वह गिनती भी उल्टी पढ़ते है। वो तो प्रसाद को चूरन समझते है। मुख्यमंत्री जब भी सदन में चाचा को देखते है तो घबरा जाते है। यहां जसवंतनगर मे वो वोट मांगने की औपचारिकता करके गए है। जब चाचा ने इलाज करने की ठान ली है तो वोट से कैसे इलाज करेंगे। गुजरात के लोग भी वोट से इलाज कर रहे है। बीजेपी वालों ने सब कुछ उल्टा कर दिया देश को उलझा दिया है। अगर ये जीते गए तो संविधान बदल देंगे। 卐

उन्होने कहा कि भाजपा को जब पता चला कि गांव के लोग सेना में जाकर अपना परिवार चला रहे है तो इन्होंनें चार साल की नौकरी कर दी। इंडिया गठबंधन की सरकार आती है तो चार साल वाली नौकरी खत्म कर देंगे और पुरानी व्यवस्था लागू करेंगे। यह लोग भविष्य में पुलिस की नौकरी भी तीन साल की कर देंगे, फिर खाकी वर्दी वाले हमारे साथ घूमेंगे। धीरे धीरे सब कुछ आउटसोर्स कर दिया। लोग समझ रहे है कि संविधान कैसे बदल जाएगा और अगर नही बदलेंगे तो उस रास्ते पर चले जाएगा। आगे सब प्राइवेट हो जाएगा तो क्या किसी को आरक्षण मिलेगा।

उन्होने कहा कि भाजपा ने बड़े बड़े लोगो का 16 लाख करोड़ का कर्जा माफ किया। जिनका कर्ज पांच करोड़ से ऊपर है उसका कर्जा माफ करेंगे लेकिन हम सरकार में आएंगे तो किसानो का लाखों का कर्जा माफ करेंगे। इन्होने 100 नम्बर की नकल कर ली एम्बुलेंस खराब कर दी। जब से 100 से 112 किया है तो पुलिस वालों को लगा कि जब सरकार ने नम्बर बढा लिया तो हम भी वसूली बढा ले। ये चुनाव पूरा देश देख रहा है।

## पीडीए समाज के सैकड़ों लोगों ने ली सपा की सदस्यता




जनता कनेक्शन

लखनऊ। बुधवार को मोहनलालगंज के बिंदौवा स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर सैकड़ों की संख्या में पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक समाज के लोगों ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की नीतियों में आस्था व्यक्त करते हुए समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

सभी को इंडिया गठबंधन के समाजवादी पार्टी के मोहनलालगंज लोकसभा प्रत्याशी व पूर्व मंत्री आरके चौधरी ने सदस्यता ग्रहण करायी।

सदस्यता ग्रहण समारोह को संबोधित करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि इंडिया गठबंधन के पक्ष में अभूतपूर्व समर्थन मिल रहा है। इस अवसर पर पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने कहा कि यह लड़ाई संविधान, लोकतंत्र बचाने की है।

सदस्यता ग्रहण समारोह के संयोजक व समाजवादी छात्र सभा के राष्ट्रीय महासचिव मनोज पासवान ने कहा कि अखिलेश यादव सामाजिक न्याय व आधुनिक विचारों के प्रतीक बन चुके है उनके नेतृत्व में पीडीए एकजूट होकर अपने अधिकार की लड़ाई लड़ रहा है।

कार्यक्रम में वरिष्ठ सपा नेता श्रवण कुमार यादव, हरिशंकर रावत, राजकुमार पासी, रविदत्त, गजराज रावत ने भी सम्बोधित किया। सदस्यता ग्रहण करने वालों में श्रीराम रावत, रामरतन, एडवोकेट धर्मेंद्र रावत, राजेन्द्र रावत, रमेश रावत, उमेश वर्मा, संतू लोधी, रामसजीवन, रामसागर, शिवपाल रावत, संदीप कनौजिया, अरविंद रावत, राधेश्याम, रामप्रताप, मुकेश रावत, राम अधीन, मनोज लोधी, हेमराज, शोभनाथ, विपिन रावत, छोटेलाल लोधी, कैलाश रावत प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## विवाद के चलते पीटकर किया घायल मुकदमा दर्ज

लखनऊ (**जनता कनेक्शन**) । मोहनलालगंज क्षेत्र के अतरौली गांव निवासी संजय ने पुलिस से शिकायत करते हुये बताया बीते मगंलवार की रात साढे नौ बजे के करीब छोटे भाई करन से कहासुनी के बाद विवाद हो गया,जिसके बाद छोटे भाई ने गाली-गालौज करते हुये उसकी जमकर पिटाई कर घायल कर दिया ओर जान से मारने की धमकी देते हुये मौके से भाग निकला।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के विरूद्ध मारपीट व जान से मारने की धमकी देने की धाराओ में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है।

## अतीक-अशरफ के हत्यारोपियों पर आरोप तय

प्रयागराज। माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ को गोलियों से छलनी करने के आरोपी शूटर अरुण मौर्या, सनी सिंह और लवलेश तिवारी के खिलाफ जिला अदालत में आरोप तय हो गया है। दो मई से मामले का ट्रायल शुरू हो जाएगा। मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट के अपर जिला एवं सत्र न्यान्याधीश दिनेश कुमार गौतम की अदालत कर रही है। अभियोजन की ओर से पेश जिला शासकीय अधिवक्ता गुलाब चंद्र अग्रहरि ने बताया कि करीब साल भर से आरोप तय करने की कई तारीख लगी, लेकिन आरोप सोमवार को तय हुआ। तीनों आरोपियों को चित्रकूट जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये पेश किया गया था। गौरतलब है कि माफिया अतीक अहमद और उसके छोटे भाई खालिद अजीम उर्फ अशरफ की हत्या तीन शूटरों ने 15 अप्रैल 2023 को रात करीब सवा नौ बजे कर दी थी। माफिया भाइयों को कॉल्विन अस्पताल में मेडिकल के लिए पुलिस हिरासत में लाया गया था। मीडियाकर्मी बनकर पहुंचे तीनों शूटरों ने हत्या को अंजाम देने के बाद मौके पर ही सरेंडर कर दिया था। इसके बाद उन्हें प्रतापगढ़ जेल भिजवा दिया गया था। बाद में सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए उन्हें चित्रकूट जेल भिजवा दिया गया था। मौजूदा समय तीनों वही बंद हैं। सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये तीनों शूटरों की चित्रकूट जेल से पेशी करवाई गई।

# 535 लाइसेंसी शस्त्र जब्त

## कानून व्यवस्था बनाए रखने संबंधी निर्देशों का किया जा रहा अनुपालन

जनता कनेक्शन

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सघन जांच के लिए 438 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1827 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 30 अप्रैल, 2024 तक पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 535 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किए गए। 4694 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराए गए। इसी प्रकार शांति भंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 26,27,735 लोगों को पाबंद किए जाने के लिए नोटिस जारी किया गया है, जिनमें से 22,36,435 लोगों को पाबंद किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग द्वारा 8317 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 8384 कारतूस, 2900.32 किलोग्राम विस्फोटक व 455 बम बरामद कर सीज किए गए। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 3559 केंद्रों पर रेड डाली गई और 157 केंद्रों को सीज किया गया।

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि 16 मार्च, 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। इसके अनुरूप लगातार कार्यवाही भी की जा रही है। 30 अप्रैल, 2024 को पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 02 लाइसेंसी शस्त्र का लाइसेंस निरस्त कर जमा कराया गया। सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 25,514 लोगों को पाबंद किया गया। साथ ही 167 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 127 कारतूस बरामद कर सीज किए गए। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 67 केंद्रों पर रेड डाली गई और 05 केंद्रों को सीज किया गया।

## दिल्ली चुनाव आयोग ने मतदाताओं से अपने उम्मीदवारों की जानकारी जांचने का आग्रह किया

नयी दिल्ली। लोकसभा चुनाव के छठे चरण के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही दिल्ली चुनाव आयोग ने बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के मतदाताओं से अपने उम्मीदवारों के बारे में जानकारी जांचने का आग्रह किया। लोकसभा चुनाव 2024 के छठे चरण के लिए अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन प्रक्रिया 29 अप्रैल को शुरू हो गई है और यह छह मई तक जारी रहेगी। आयोग ने कहा है कि उसने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर नामांकन दाखिल करने वाले उम्मीदवारों की जानकारी अपलोड कर दी है। उसने कहा कि दिल्ली के सभी पंजीकृत मतदाताओं को सूचित किया जाता है कि संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों यानी चांदनी चौक, उत्तर पूर्व, पूर्व, नई दिल्ली, उत्तर पश्चिम (सुरक्षित), पश्चिम और दक्षिण के उम्मीदवारों द्वारा फॉर्म -26 में शपथ पत्र जमा किए जा रहे हैं। शपथ-पत्र मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) दिल्ली की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। शपथपत्रों में नामांकन दाखिल करने वाले उम्मीदवारों से संबंधित शैक्षणिक योग्यता, चल और अचल संपत्ति, अदालती मामले, सरकारी बकाया और अन्य देनदारियों जैसी जानकारी शामिल हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने दिल्ली के सभी मतदाताओं को सलाह दी और उन्हें प्रोत्साहित किया कि वे अपने उम्मीदवारों के बारे में घोषित जानकारी वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यडॉटसीईओदिल्लीडॉटएनआईसी डॉटइन पर प्राप्त कर सकते हैं।

## राजभाषा समिति की बैठक सम्पन्न

बरेली।पूर्वोत्तर रेलवेए राजभाषा विभागए इज्जतनगर के तत्वावधान में मण्डल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की वर्ष 2023.24 की संयुक्त तिमाही की समीक्षा बैठक एवं हिंदी साहित्य में संत कबीर दास का योगदान विषय पर विशेष हिन्दी संगोष्ठी का आयोजन मंडल रेल प्रबंधक रेखा यादव की अध्यक्षता में मण्डल कार्यालय के सभाकक्ष में किया गया।मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता सुरेश बाबू मिश्राए सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य राजकीय इन्टर कॉलेजए बरेली ने बताया कि कबीर दास के साहित्य में शाश्वत प्रेम की अविरल धारा प्रवाहित होती है। वे भक्तिकाल की निर्गुण शाखा के एक प्रमुख कवि थे। उनका जन्म पन्द्रहवीं शताब्दी में हुआ था। उस समय देश की अधिकांश जनता अशिक्षा के गहन अंधकार में डूबी हुई थी।

# महिला का खेत में मिला शव, नहीं हो सकी शिनाख्त



मलिहाबाद,लखनऊ (**जनता कनेक्शन**) । अज्ञात महिला का शव पड़ा देख ग्रामीणों ने जिसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पहचान करने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

रहीमाबाद थाना क्षेत्र के नई बस्ती गांव निवासी रामस्वरूप के खेत में बुधवार सुबह एक 45 वर्षीय महिला का शव पड़ा हुआ ग्रामीणों ने देखा। देखते ही देखते मौके पर बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए।जिसकी सूचना पुलिस को दी जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी अनुभव सिंह मौके पर पहुंच जांच पड़ताल की। मृतक महिला की पहचान के लिए पुलिस ने आसपास के ग्राम प्रधानों,ग्रामीणों को बुलाकर पहचान करवाई लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी। ग्रामीणों के अनुसार महिला मानसिक विक्षिप्त महसूस हो रही थी। महिला की उम्र लगभग 45 वर्ष है वह नीला लोअर नीली पीली सफेद धारीदार कुर्ती पहने हुए थी पुलिस मृतका की शिनाख्त में जुटी है। घटना के संबंध में थाना प्रभारी अनुभव सिंह ने बताया कि महिला की पहचान करने की काफी कोशिश की गई परंतु सफलता नहीं है मिली पड़ोसी थानो को भी पहचान के लिए सूचित किया गया है।पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत का करण स्पष्ट हो सकेगा।

सम्पर्क कार्यालय : निकट दुबग्गा चौराहा कानपुर रोड लखनऊ

जनता कनेक्शन

(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक रवि शंकर अस्थाना द्वारा त्रिपाठी प्रिंटिंग प्रेस, 12/29 पुराना किला, कैंट रोड लखनऊ से मुद्रित तथा 366/006/285 किशोर गंज कैम्पवेल रोड, बालागंज लखनऊ (उ0प्र0) से प्रकाशित

सम्पादक : रवि शंकर अस्थाना

फोन नम्बर : 0522-3192214

www.jantaconnection.in

EMail:jcnews240@gmail.com

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के आधीन होंगे।